दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

https://www.instagram.com/sachbedhadakd | https://www.youtube.com/@SachBedhadakD
https://x.com/SachBedhadakD | https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

Scan to Subscribe

वर्ष: 3 । अंक: 290 जयपुर, शनिवार, 28 सितंबर, 2024 । आश्विन, कृष्ण पक्ष-एकादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 12 | मूल्य: 3.00

अब फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

सच्ची और निष्पक्ष खबरों का वादा

## ‘सच बेधड़क’ बना फर्स्ट इंडिया समूह का हिस्सा

मीडिया जगत में खास मुकाम हासिल कर चुके फर्स्ट इंडिया मीडिया समूह के सुनहरे सफर में आज एक नया अध्याय जुड़ गया है। समूह ने जयपुर से प्रकाशित हिन्दी दैनिक ‘सच बेधड़क’ को टेकओवर कर लिया है। अब तक हमारा समूह फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल, फर्स्ट इंडिया अंग्रेजी न्यूज पेपर, फर्स्ट इंडिया प्लस एंटरटेमेंट ओटीटी प्लेटफॉम और राष्ट्रीय स्तर पर भारत-24 न्यूज चैनल का संचालन कर रहा है। फर्स्ट इंडिया समूह के चेयरमैन डॉ. जगदीश चंद्रा का ध्येय वाक्य है ‘खबर ही जीवन है’। इसी पर आगे बढ़ते हुए अब फर्स्ट इंडिया समूह दैनिक हिन्दी अखबार ‘सच बेधड़क’ के माध्यम से हिन्दी के सुधी पाठकों को खबरों से बाखबर रखेगा। अब हिन्दी और अंग्रेजी, दोनों प्रिंट मीडिया में फर्स्ट इंडिया समूह की मौजूदगी होगी। समूह के निदेशक श्री विरेन्द्र चौधरी का मार्गदर्शन भी समाचार पत्र को मिलता रहेगा।



पवन अरोड़ा
सीईओ एंड मैनेजिंग एडिटर

मीडिया इंडस्ट्री में ‘फर्स्ट इंडिया न्यूज़ समूह आम आदमी और लाखों पाठकों के बीच भरोसे का एक नया प्रतीक बन चुका है। खबर चाहे राष्ट्रीय महत्व की हो या आम आदमी के सरोकारों से जुड़ी ‘फर्स्ट इंडिया न्यूज़ समूह’ ने हमेशा हर खबर को बुलंद आवाज के साथ पेश किया है, जिसका परिणाम है कि आज ‘फर्स्ट इंडिया न्यूज़ समूह’ पर लाखों पाठक अटूट भरोसा करते हैं। ‘फर्स्ट इंडिया समूह’ अब हिंदी प्रिंट मीडिया में ‘सच बेधड़क’ अखबार से विश्वसनीयता और निष्पक्षता के साथ खबरों के संप्रेषण की अपनी नीति पर लगातार आगे बढ़ता रहेगा और हमारा यह सफर अविराम जारी रहेगा। हमारी कड़ी मेहनत, ठोस व पारदर्शी संपादकीय नीति की झलक’सच बेधड़क’ समाचार पत्र में भी देखने को मिलेगी। हमारा पाठकों से वादा रहेगा कि समाचार पत्र के नाम के अनुरूप ही सच्ची और निष्पक्ष खबरें उन तक पहुंचें। साथ ही ‘सच बेधड़क’ आमजनता की आवाज बने यह भी हमारा प्रयास रहेगा।

आज से लगभग तीन वर्ष पूर्व सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अख़बार की शुरुआत की थी, कम समय में जनता का लोकप्रिय अख़बार बना, सबने खूब प्रेम दिया, अब मुझे ख़ुशी है कि इसका आगामी संचालन फर्स्ट इंडिया मीडिया समूह द्वारा किया जाएगा। मेरे बड़े भाई समान जगदीश चंद्रा जी एवं पवन अरोड़ा जी का सदैव मुझ पर स्नेह रहा है। मैं सभी पाठकों से निवेदन करता हूं कि हमेशा की तरह आगे भी आपका प्यार एवं आशीर्वाद “सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अख़बार” को मिलता रहे ।
विनायक शर्मा



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में ‘राइजिंग राजस्थान’ समिट का दिल्ली इन्वेस्टर रोड शो 30 को

## देश-विदेश के उद्यमियों से होगी वन-टू-वन और राउंडटेबल मीट

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में इन्वेस्टर्स को आकर्षित करने के उद्देश्य से देश विदेश में आयोजित किए जा रहे ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के कार्यक्रमों की कड़ी में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में 30 सितंबर को नई दिल्ली में दो दिवसीय रोड शो एवं आउटरीच का आयोजन किया जाएगा।



इस इन्वेस्टर रोड शो एवं आउटरीच में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। बता दें, ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 आगामी 9-10-11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में आयोजित होगा।

### प्रदेश में निवेश के लिए आंमत्रित करने के लिए CPSE कॉन्क्लेव 1 को

**यह होंगे कार्य:** इस दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 30 सितंबर को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का प्रतिनिधिमंडल कुछ चुनी हुई कंपनियों के चेयरमैन या सीईओ के साथ मुलाकात करेगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन 1 अक्टूबर को विभिन्न देशों के राजदूतों/राजनियकों के साथ एक राउंडटेबल का आयोजन किया गया है, जिसमें राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल द्वारा राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण नीतिगत बदलावों और निवेशकों को विभिन्न क्षेत्रों दिए जा रहे में फिस्कल/नॉन-फिस्कल इन्सेंटिव्स वगैरह की जानकारी दी जाएगी।

**विदेश मंत्री जयशंकर भी शामिल होंगे!:** इस बड़े और महत्वपूर्ण आयोजन के मद्देनजर इसकी सफलता के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम केंद्रीय मंत्री रुचि दिखा रहे हैं। वहीं, सूत्रों के अनुसार विदेशी मेहमानों का भी आगमन होगा, इस वजह से इसमें विदेश मंत्री जयशंकर भी शामिल होंगे। जाहिर है, इस आयोजन को बेहतरीन कामयाबी मिलने की उम्मीद है।

**इन देशों के प्रतिनिधि किए आमंत्रित:** इस एम्बेसेडर्स राउंडटेबल में भाग लेने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, डेनमार्क, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, तुर्की, स्पेन, स्विट्जरलैंड, कतर, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका सहित कई प्रमुख देशों के राजदूतों/राजनयिकों को आमंत्रित किया है।

**ड्रैगन की चाल:** नेपाल के रास्ते भारत में चीन भेजता है अपना लहसुन

## प्रदेश की मंडियों में चीनी लहसुन दे रहा दस्तक

### व्यापारियों की सतर्कता से कामयाब नहीं हो पा रहे तस्कर

### कोटा, झालावाड़, मुहाना मंडियों के व्यापारियों के पास आ रहे फोन

पंकज सोनी | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश की मंडियों में चीनी लहसुन दस्तक दे रहा है। लहसुन के तस्कर यहां के व्यापारियों से इस लहसुन की खरीद के लिए सम्पर्क कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश के आढ़तियों की ओर से इस मामले में सख्त रुख अपनाकर चीन के लहसुन के खरीदारों को मुंह तोड़ जवाब दिया जा रहा है। भारत में दस साल पहले चीन के लहसुन को बैन किया जा चुका है।

साल 2014 में चीनी लहसुन को बैन करने का सबसे बड़ा कारण यही था कि ये बेहद खतरनाक है और इसमें इस्तेमाल होने वाले पेस्टिसाइड कई गंभीर बीमारियों के कारण बन सकते हैं। इसके बावजूद भी चीन इस लहसुन को नेपाल के रास्ते देश के अन्य भागों में भेजा रहा है। भारत चीन के बाद लहसुन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन यहां मांग ज्यादा होने के कारण अफगानिस्तान और ईरान से लहसुन आता है। चीन के इस लहसुन को कीड़ों से बचाने के लिए छह महीनों तक इस पर मिथाइल ब्रोमाइड छिड़का जाता है, जिसकी वजह से इसमें पेस्टिसाइड का लेवल बहुत ज्यादा हो जाता है। इस वजह से इससे पेट में इन्फेक्शन और अल्सर जैसी बीमारियों का खतरा रहता है। ये किडनी पर भी बुरा असर डालता है, लेकिन कीमत के मामले में यह देसी लहसुन से सस्ता है। यही वजह है कि प्रतिबंधों के बावजूद यह धड़ल्ले से देश में बेचा जाता है।



### चीनी लहसुन होता है ज्यादा मोटा

चीनी लहसुन रंग, आकार और गंध हर तरह से देसी लहसुन की तुलना में काफी अलग होता है। इसका कलर हल्का सफेद और गुलाबी होता है और साइज में काफी बड़ा होता है। इसकी कलियां आकार में बड़ी होती हैं। वहीं देसी लहसुन का रंग सफेद या ऑफ व्हाइट हो सकता है, लेकिन आकार में छोटा होता है। इसके अलावा, चीनी लहसुन की गंध बहुत हल्की होती है, वहीं देसी गार्लिक तेज गंध वाला होता है।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट ने केन्द्र से मांगा जवाब

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग से तलब कर पूछा है कि बैन किया गया चीनी लहसुन अब भी बाजार में कैसे उपलब्ध है। कोर्ट की लखनऊ बेंच ने केंद्र की ओर से पेश हुए डिप्टी सॉलिसिटर से देश में ऐसी चीजों के प्रवेश को रोकने के लिए मौजूद सटीक व्यवस्था के बारे में भी सवाल किए और पूछा कि लहसुन कैसे देश में पहुंचा, उसका पता लगाने के लिए सरकार ने क्या किया है?

“ आढ़तियों के पास चीन के लहसुन खरीदने के लिए फोन आते हैं। जब भारत का लहसुन महंगा होता है तब चीन के लहसुन के तस्कर ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं, लेकिन यह लहसुन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है इस लिए प्रदेश की मंडियों में नहीं खरीदा जाता।

**शिवशंकर शर्मा,** अध्यक्ष
लहसुन-आलू आढ़तिया संघ

**युवा मोर्चा की रार:** केन्द्रीय नेतृत्व तक पहुंचा मामला

## प्रदेश प्रभारी बोले... दोनों टीम करती रहें काम



### चेची ने राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और सुनील बंसल से की मुलाकात

### सूची जारी करने और रोकने पर मांगी रिपोर्ट

बेधड़क | जयपुर

भाजपा की यूथ विंग युवा मोर्चा में पदाधिकारियों की सूची रोकने का मामला दिल्ली तक पहुंच गया है। युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने शुक्रवार को युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और मोर्चा प्रभारी सुनील बंसल से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के केन्द्रीय नेताओं ने भी सूची जारी करने और 53 मिनट में ही उसे वापस लेने पर आश्चर्य जताया है। वहीं, दूसरी तरफ प्रदेश प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने सूची रोके जाने को लेकर गुरुवार प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई मोर्चों की बैठक में युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित चेची को यहां तक कह डाला कि अभी आप नई और पुरानी दोनों टीम से काम लीजिए, हालांकि अग्रवाल ने इस तरह से सूची रोके जाने पर भी सार्वजनिक तौर पर आश्चर्य जताया था। वहीं, अग्रवाल के इस निर्देश के बाद शनिवार को सदस्यता के लिए होने वाले युवामोर्चा की बैठक में नई और पुरानी दोनों टीमों को आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चेची मौजूद नहीं रहेंगे।

### यकायक कैसे रुकी टीम

युवा मोर्चा की नई टीम घोषित होने के बाद यकायक रोक दी गई। युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चेची की ओर से 8 प्रदेश उपाध्यक्ष, 4 प्रदेश महामंत्री, 9 प्रदेश मंत्री, प्रदेश कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष प्रदेश, कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी और सह प्रभारी के साथ 26 नेताओं को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया था, लेकिन सूची को केन्द्र की तरफ से प्रदेश का जिम्मा संभाल रही एक नेत्री के दखल के बाद रोक दिया गया। यहां तक की सूची को सोशल मीडिया और भाजपा की वैबसाइट पर लगाने के बाद भी हटा लिया गया।

### चेची ने नहीं की इस्तीफे की पेशकश

इधर, मामले में युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने अपने इस्तीफे की पेशकश को गलत बताया। चेची ने कहा कि उन्हें जहां अपना विषय रखना था, वहां रख दिया है। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि भाजपा में बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कई मोर्चों के अध्यक्षों को भी बदलने की तैयारी की जा रही है। साथ ही, कुछ प्रदेश पदाधिकारियों को सरकार में राजनीतिक नियुक्ति भी दी जा सकती है।

## ढही महाकाल मंदिर की दीवार दो लोगों की हुई मौत

एजेंसी | उज्जैन

उज्जैन में शुक्रवार को हुई तेज बारिश में महाकाल मंदिर गेट क्रमांक चार की एक दीवार ढह गई, जिसके मलबे में चार लोग दब गए। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया था। जहां दो लोगों की मौत होने और दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। घायल व मृतकों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही रेस्क्यू टीम राहत कार्य में लगी हुई है। उज्जैन में बारिश का दौर लगातार जारी है, लेकिन यह बारिश महाकाल मंदिर क्षेत्र में आफत बनकर बरस रही है। महाकाल मंदिर के गेट नंबर चार पर पंडित आनंद शंकर व्यास के मकान के पास तेज बारिश के कारण अचानक दीवार ढह गई, जिससे यहां दुकान लगाकर सामान बेचने वाले लोग दीवार के मलबे में दब गए।



## केजरीवाल, आतिशी की याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी मार्लेना की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई टाल दी है। अब इनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 30 सितंबर को सुनवाई करेगा। भाजपा नेता राजीव बब्बर ने आप के नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। साल 2018 में केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि दिल्ली में अग्रवाल समाज के आठ लाख वोट थे, लेकिन भाजपा ने अग्रवाल समाज के चार लाख वोट कथित तौर पर मतदाता सूची से कटवा दिए।

भारत के पक्ष में लहर

## सुरक्षा परिषद की स्थाई सीट के लिए भारत के पक्ष में बड़े देश

- अमेरिका और फ्रांस के बाद ब्रिटेन ने भी किया भारत का समर्थन
- ब्रिटिश पीएम ने कहा- ब्राजील, भारत, जापान और जर्मनी को मिले स्थाई सदस्यता
- वर्तमान में यूएनएससी में पांच स्थाई सदस्य हैं यूएस, चीन, फ्रांस, रूस और यूके

एजेंसी | न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थाई सदस्यता प्रदान करने की बढ़ती मांग के समर्थन में शुक्रवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने भी अपनी आवाज जोड़ दी है। इससे पहले अमेरिका और फ्रांस ने भी भारत की मांग का समर्थन किया था। न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में अपने संबोधन में ब्रिटिश पीएम स्टारमर ने कहा, “हम सुरक्षा परिषद में स्थाई अफ्रीकी प्रतिनिधित्व, ब्राजील, भारत, जापान और जर्मनी को स्थाई सदस्य के रूप में देखना चाहते हैं। हम निर्वाचित सदस्यों के लिए भी अधिक सीटें चाहते हैं।” उन्होंने यूएनएससी को राजनीतिक गतिरोध से बाधित हुए बिना वैश्विक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान कर सकने वाले एक अधिक बड़े प्रतिनिधि निकाय के रूप में विकसित करने की जरूरतों पर जोर दिया।





**यूके के काम करने के तरीके को बदलने का वादा:** यूके के काम करने के तरीके को बदलने का वादा करते हुए स्टारमर ने कहा, “यूके अतीत के पितृसत्तात्मकता से दूर होकर भविष्य के लिए साझेदारी की ओर बढ़ेगा। हम बहुत अधिक सुनने और थोड़ा कम बोलने के अलावा, मौजूदा खेल को बदलने वाली ब्रिटिश विशेषज्ञता की पेशकश करने और समान सम्मान की भावना से एक साथ काम करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।”

**ऐसे मिला स्टारमर का समर्थन:** यूएनएससी में स्थाई सीट के लिए भारत की मांग के लिए स्टारमर का मजबूत समर्थन संयुक्त राज्य अमेरिका और फ्रांस के नेताओं की ओर से इसी तरह के समर्थन के बाद आया है। यूके के प्रधानमंत्री की टिप्पणी यूएनएससी में सुधारों की वकालत करने वाले कई देशों के बीच बढ़ती आम सहमति के अनुरूप है, जो 1945 में अपनी स्थापना के बाद से काफी हद तक बिना बदली हुई रही है। कीर स्टारमर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत, ब्राजील, जापान और जर्मनी जैसे देशों को स्थाई सदस्यों के रूप में शामिल करने से परिषद की वैधता और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

**वर्तमान में ये हैं स्थाई सदस्य:** मौजूदा समय में, यूएनएससी में पांच स्थाई सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और यूनाइटेड किंगडम हैं। ये परिषद के मूल प्रस्तावों पर वीटो पावर रखते हैं। परिषद में दो साल के कार्यकाल के लिए चुने गए दस गैर-स्थाई सदस्य भी शामिल हैं। उन्होंने कहा था कि यूएनएससी का विस्तार इसकी दक्षता और प्रतिनिधित्व में सुधार के लिए आवश्यक है। उन्होंने अफ्रीका के दो प्रतिनिधियों के साथ भारत, ब्राजील, जापान और जर्मनी के लिए स्थाई सीटों की मांग की।

### विश्व पर्यटन दिवस पर अल्बर्ट हॉल पर दिखे राजस्थान की संस्कृति के रंग

# पर्यटन को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण: दिया

बेधड़क | जयपुर

डिप्टी सीएम दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से अल्बर्ट हॉल पर राजस्थानी लोक कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सराबोर सांस्कृतिक संध्या आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों को जयपुर घराने का परम्परागत कथक व राजस्थानी लोक नृत्यों की जुगलबंदी ने दर्शकों को आनंदित किया। सांस्कृतिक संध्या के दौरान कालबेलिया व घूमर नृत्य की भी प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट कोरियोग्राफी को खूब सराहा गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स को सम्मानित किया। इसके पूर्व उन्होंने आरटीडीसी जोधपुर के मारवाड हॉल का वर्चुअल उद्घाटन किया। डिप्टी सीएम ने विश्व पर्यटन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें राजस्थान के पर्यटन, कला एवं संस्कृति पर गर्व है। हम राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाएंगे। राजस्थान को पूरी दुनिया में पर्यटन में नंबर एक बनाएंगे। इसमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का महत्वपूर्ण रोल होगा। इस अवसर पर राजस्थान पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा, पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह, पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक राकेश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी, निदेशक पुरातत्व पंकज धरेंद्र, पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सुमीता सरोच, पुनीता सिंह, उपनिदेशक पर्यटन उपेंद्र सिंह शेखावत, उपनिदेशक पर्यटन दलीप सिंह आदि मौजूद रहे।



#### आज का जमाना सोशल मीडिया का

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि आज का जमाना सोशल मीडिया का है। सोशल मीडिया के माध्यम से इन्फ्लुएंसर्स किसी भी स्थान पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्षम हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा किसी भी पर्यटन स्थल का फोटो वीडियो बनाकर उसे त्वरित प्रभाव से आम लोगों तक पहुंचा दिया जाता है। उन्होंने यूथ का आह्वान किया कि वे हमारे राजस्थान पर्यटन के एंबेसेडर के रूप में सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से पर्यटन स्थल को आगे बढ़ाएं। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान की इकॉनमी में पर्यटन की भागीदारी स्टेट जीडीपी की करीब 15% तक है। उन्होंने कहा कि हमारे महल, किले, बावड़ियों ऐतिहासिक स्मारकों के साथ ही हमारे यहां रूरल टूरिज्म, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म में भी पर्यटन के बहुत अवसर हैं। डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि इस साल 2024 में वर्ल्ड टूरिज्म डे की थीम “टूरिज्म एंड पीस” रखी गई है। उन्होंने कहा कि दुनियां में शांति से ही पर्यटन का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि इस साल राईजिंग राजस्थान और अगले साल मार्च 2025 में IIFA Award भी राजस्थान के पर्यटन के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।



#### जल्दी ही शुरू किया जाएगा पर्यटन का एप

दिया कुमारी ने कहा कि जयपुर का चार दीवारी शहर हमारी धरोहर है। यूनेस्को की हेरिटेज साइट है। हम जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारे चार दीवारी शहर की विरासत को संरक्षित करें। इसे विरुपित होने से बचाएं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यटन से हमें हमारे गौरवशाली इतिहास, अनूठी कला एवं संस्कृति को दुनिया में साझा करने का अवसर तो मिलता ही हैं। साथ ही हजारों, लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि हम सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से भी ब्रांड राजस्थान को प्रमोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्दी ही एक पर्यटन का एप शुरू किया जाएगा। हम तकनीक, मीडिया और सोशल मीडिया, मार्केटिंग तथा प्रचार प्रसार तथा बेहतर नीतियों और योजनाओं के माध्यम से राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाएंगे।

### कामकाज का नए सिरे से बंटवारा

# CMO में तीसरी बार कार्य वितरण से बढ़ी कार्यकुशलता की उम्मीद

राजेंद्र छाबड़ा | बेधड़क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात अधिकारियों के बीच तीसरी बार कामकाज का बंटवारा किया गया है। शुक्रवार को एसीएस शिखर अग्रवाल ने आदेश जारी कर नए सिरे से अफसरों के बीच कार्यों का विभाजन किया। खास बात यह है कि एसीएस शिखर अग्रवाल और प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता ने खुद के पास कोई विभाग नहीं रखा है, जबकि एक अगस्त, 2024 के पिछले आदेश में इन दोनों वरिष्ठ अधिकारियों को विभाग दिए गए थे।

उस आदेश में आलोक गुप्ता को वित्त और डीआईपीआर (जनसंपर्क विभाग) की जिम्मेदारी दी गई थी। इसका सीधा से मतलब यह है कि पूर्व की भांति अब सीएमओ में आने वाले पहले सभी फाइलें प्रमुख सचिव गुप्ता के पास से होती हुई एसीएस अग्रवाल के पास जाएगी। शुक्रवार के नए आदेश में संदेश नायक और सिद्धार्थ सिहाग सहित नौ आईएएस अधिकारियों को सरकार के लगभग सभी विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं संयुक्त सचिव सिद्धार्थ सिहाग (2012 बैच) को विशेष सचिव संदेश नायक (2011 बैच) की तुलना में बड़े विभाग दिए गए हैं।



### अफसरों की विभागवार जिम्मेदारियां

**संदेश नायक, विशिष्ट सचिव:** जलदाय विभाग, जल संसाधन, आईजीएनपी (इंदिरा गांधी नहर परियोजना), सीएडी, माइंस एंड पेट्रोलियम, स्टेट सर्विस डिलीवरी वार रूम, सीएमआईएस (चीफ मिनिस्टर्स इन्फॉर्मेशन सिस्टम) और डीआईपीआर (डिपार्टमेंट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड पब्लिक रिलेशन्स)।

**टीजे कविता, प्रिंसिपल ओएसडी:** वन, पर्यावरण, स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, ट्रांसपोर्ट, सिविल एविएशन, यूथ एंड स्पोर्ट्स, पीडब्ल्यूडी (पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट), कैबिनेट, सीएमआरएफ (चीफ मिनिस्टर रिलीफ फंड), टूरिज्म,आर्ट एंड कल्चर, आर्कियोलॉजी एंड म्यूजियम्स, जीएडी (जनरल एडमिनिस्ट्रेशन),मोटर गैरेज, एस्टेट, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ सीएमओ, आरटीआई एक्ट।

**अंजू राजपाल, ज्वाइंट सेक्रेटरी:** मेडिकल एंड हेल्थ, मेडिकल एजुकेशन, आयुर्वेद, फैमिली वेलफेयर, डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल, ट्राइबल एरिया डेवलपमेंट, वुमन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट

**सिद्धार्थ सिहाग, ज्वाइंट सेक्रेटरी:** उद्योग, एमएसएमई (लघु और मध्यम उद्यम), खादी और ग्रामोद्योग, बीआईपी (राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड), ईएसआईसी (कर्मचारी राज्य बीमा निगम), पीएसयूएस (राज्य स्वामित्व वाले उपक्रम), रीको (राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन), कानून और न्याय, वित्त और कर, उत्पाद शुल्क, लघु बचत, सामान्य प्रावधायी निधि

**जगवीर सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी:** ग्रामीण विकास, पंचायती राज, जल संरक्षण और मृदा संरक्षण, प्रशासनिक सुधार, मुद्रण और स्टेशनरी, श्रम,द रोजगार और कौशल विकास, कारखाना और बॉयलर, सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, कृषि, कृषि विपणन, उद्यानिकी, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पशुपालन, गोपालन, डेयरी, मत्स्य पालन।

ओपी बुनकर, ज्वाइंट सेक्रेटरी : शहरी विकास, स्थानीय निकाय, सहकारिता, संसदीय मामल, विधानसभा, चुनाव, आपदा प्रबंधन, राहत और पुनर्वास, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, शांति और अहिंसा विभाग, अल्पसंख्यक मामले, वक्फ

जयप्रकाश नारायण, उपसचिव राजस्व,उपनिवेशन, सैनिक कल्याण, देवस्थान, उच्च तकनीकी और संस्कृत शिक्षा, प्रारंभिक, माध्यमिक स्कूल शिक्षा , भाषा और पुस्तकालय विभाग, आयोजना—जनशक्ति, सांख्यिकी, अर्थव्यवस्था, वीआईपी रिफरेंस और जन अभियोग निराकरण विभाग।







**जरूरी खबर**

### बाइक पर ट्रॉली पलटी, दो भाइयों की मौत



**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना इलाके में शुक्रवार सुबह बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली एक बाइक पर पलट गई। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। गुस्साए स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग करते हुए सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। दोपहर 1 बजे प्रशासन और परिजनों में सहमति बनने के बाद बनी। इसके अनुसार एक मृतक को मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। वहीं, दूसरे को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख रुपए की सहायता, पालनहार योजना में बच्चों को आर्थिक सहायता, विधवाओं को पेंशन दी जाएगी। हादसे में मरने वाले थली चाकसू निवासी घासी कोली (35) और मुकेश कोली (28) हैं।

### फोन टैपिंग मामले में लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान फोन टैपिंग मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी और तब तक लोकेश शर्मा की गिरफ्तारी पर रोक बनी रहेगी। प्रकरण की सुनवाई शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस अनीश दयाल की बेंच में हुई। सुनवाई में लोकेश शर्मा की ओर से फाइनल आर्ग्युमेंट के लिए 2-3 सप्ताह का समय मांगा गया। जस्टिस अनीश दयाल ने इस पर कहा कि मामला काफी लंबे समय से पेंडिंग है और इसे जल्द से जल्द सुना जाना चाहिए। राजस्थान राज्य की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि ने कोर्ट को बताया कि कुछ डवलप्मेंट्स नए हुए हैं जिसमें स्टेट ने सुप्रीम कोर्ट से वो एप्पलीकेशन विड्रॉ कर ली जो क्षेत्राधिकार का हवाला देते हुए दिल्ली पुलिस को जांच से रोकने के लिए थी, तो अब दिल्ली पुलिस ही जांच करे। गौरतलब है कि इस मामले में 23 सितंबर को जस्टिस विकास महाजन ने 27 सितंबर की तारीख देते हुए इसे रोस्टर बेंच को ट्रांसफर किया था।

**डीपीएस के नए नामकरण पर बवाल, भड़के अभिभावकों का आरोप**

# बिना सहमति स्कूल का नाम बदला, बच्चों का भविष्य दांव पर

**बेधड़क । जयपुर**

दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) जयपुर का नाम बदल दिया गया है। अब यह धारव हाई स्कूल (डीएचएस) के नाम से जानी जाएगी। स्कूल प्रशासन की ओर से अचानक उठाए गए इस कदम से जहां छात्र और अभिभावक चिंतित हैं वहीं आक्रोशित भी हैं।

अभिभावकों का कहना है कि यह बदलाव बिना किसी पूर्व सूचना या चर्चा के किया गया है, जिससे उनके बच्चों के शैक्षणिक भविष्य पर गहरा असर पड़ सकता है। कई अभिभावकों का मानना है कि डीपीएस जैसी प्रतिष्ठित संस्था का नाम बदलने से उसके ब्रांड मूल्य में गिरावट आएगी, जिससे छात्रों को उच्च शिक्षा और करियर में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अभिभावकों का कहना है कि बिना किसी स्पष्ट कारण के इस तरह का नाम परिवर्तन बच्चों के शैक्षणिक रिकॉर्ड और उनके करियर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। छात्रों को अब यह चिंता सताने लगी है कि डीएचएस का नाम उनके आवेदन और प्रमाणपत्रों पर कैसे लिया जाएगा और क्या इससे उनकी प्रतिष्ठा पर असर पड़ेगा।




### याचिका दायर करने की योजना

कुछ अभिभावकों ने इस मुद्दे को कानूनी तरीके से हल करने की भी बात कही है। उनका मानना है कि बिना सहमति के किया गया यह परिवर्तन शिक्षा कानूनों का उल्लंघन हो सकता है और इसके खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर करने की योजना बना रहे हैं। डीपीएस जयपुर का डीएचएस में यह अचानक परिवर्तन आने वाले दिनों में और अधिक विवाद खड़ा कर सकता है। अब देखना होगा कि स्कूल प्रशासन और अभिभावकों के बीच इस मामले को लेकर कैसे समाधान निकलता है।

### सहमति हो तब ही बदलें नाम

अभिभावकों ने इस मुद्दे पर एकजुट होकर स्कूल प्रशासन से जवाबदेही की मांग की है। उन्होंने एक अभिभावक एक्शन कमेटी का गठन किया है, जो इस मामले को लेकर स्कूल प्रशासन से बातचीत कर रही है। उनका कहना है कि जब तक अभिभावकों की सहमति नहीं ली जाती, तब तक इस बदलाव को रोका जाना चाहिए।

### नीतिगत प्रक्रियाओं के तहत बदला नाम

स्कूल प्रशासन का कहना है कि नाम बदलने का निर्णय स्कूल की नीतिगत प्रक्रियाओं के तहत लिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है कि अभिभावकों को इस प्रक्रिया में शामिल क्यों नहीं किया गया। इस बीच स्कूल ने आश्वासन दिया है कि शैक्षिक गुणवत्ता और पाठ्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन नाम परिवर्तन का कारण अभी भी सवालों के घेरे में है।

**हेरिटेज कार्यवाहक महापौर कुसुम यादव का बैठक में स्वच्छता पर जोर**

# नवरात्र से पहले सड़कों की दशा सुधारें, खुले में नहीं बिके मीट

**बेधड़क । जयपुर**

नगर निगम हेरिटेज की कार्यवाहक महापौर कुसुम यादव ने शुक्रवार को निगम अधिकारियों के साथ पहली बैठक की। इस दौरान महापौर यादव ने स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए सभी निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को एकजुटता से जयपुर को नंबर वन बनाने के लिए जुट जाने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण का समय नजदीक आ गया है। नगर निगम के अधिकारी भी अपनी तरफ से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जयपुर को सफाई में नंबर वन बनाने के लिए हमें और ज्यादा मेहनत को जरूरत है। साथ ही महापौर ने निगम अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए।

महापौर ने निर्देश दिए कि नवरात्र आने वाले हैं, ऐसे में सभी क्षेत्र में रोड लाइट ठीक होनी चाहिए, साथ ही मीट की दुकानें नियम से ही खुलें। खुले में मीट नहीं बिकना चाहिए। उन्होंने निगम की इंजीनियर विंग को बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए।



### निगम मुख्यालय का किया निरीक्षण

महापौर कुसुम यादव ने बैठक से पहले हेरिटेज निगम मुख्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर मुख्यालय में सभी अधिकारियों के कैबिन में मिलीं। वहीं, बैठक के दौरान अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह ने निगम के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में महापौर कुसुम यादव को अवगत कराया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवन कुमार वर्मा, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा, पूजा मीना, सीमा चौधरी, उपायुक्त स्वास्थ्य दलीप पूनिया के अलावा अन्य अधिकारी, एक्सईएन, जेईएन मौजूद रहे।

### सीवर की समस्या का जड़ से करें समाधान

बैठक के दौरान महापौर कुसुम यादव ने बताया हेरिटेज निगम क्षेत्र में रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था सही चल रही है। उन्होंने बताया कि वे गुरुवार देर रात तक बाजार में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर रही थी। ऐसे में सभी सफाई कर्मचारी शहर में साफ करने में जुटे हुए हैं। साथ ही कहा कि परकोटे में सीवर की समस्या बहुत ज्यादा आती है। इसके समाधान के लिए निगम अधिकारियों को ठोस और स्थाई समाधान करना चाहिए। वहीं, उन्होंने अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही महापौर ने सभी अधिकारियों को जन प्रतिनिधि की समस्या के तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी शिकायत जनप्रतिनिधि के पास लेकर सबसे पहले जाते हैं। ऐसे में आमजन के कार्य तुरंत कर राहत प्रदान करें।

### देर रात महापौर ने किया औचक निरीक्षण

दरअसल महापौर कुसुम यादव ने गुरुवार देर रात शहर में चल रही रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने नेहरू बाजार, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, रामगंज आदि जगहों पर सफाई व्यवस्था देखी। सफाई व्यवस्था से महापौर संतुष्ट नजर आई।

**राजस्थान हाई कोर्ट ने दिए निर्देश**

# अप्पू घर को जमीन आवंटन में जेडीए को बनाएं पक्षकार



शैलेश नाथ सिंह

**बेधड़क। जयपुर**

अप्पू घर को 500 बीघा जमीन आवंटन से जुड़े विवाद में शुक्रवार को राजस्थान हाई कोर्ट ने जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को इस मामले में पक्षकार बनाने के निर्देश दिए हैं।

जस्टिस समीर जैन की अदालत में इस मामले पर सुनवाई हुई, जहां कोर्ट ने जेडीए को 10 अक्टूबर तक समस्त रिकॉर्ड पेश करने का आदेश दिया। कोर्ट ने अप्पू घर इंटरनेशनल एम्युजमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से भी रियायती दर पर आवंटित भूमि से जुड़े सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा है। इस प्रकरण में पीड़ित पक्ष की ओर से अधिवक्ता शैलेश नाथ सिंह ने पैरवी की। यह मामला तब सामने आया जब राज्य सरकार ने दिल्ली में अप्पू घर चलाने वाली इंटरनेशनल एम्युजमेंट लिमिटेड को जयपुर में मेगा टूरिज्म सिटी एम्युजमेंट पार्क विकसित करने का टेंडर दिया था। कंपनी के निदेशक पर आरोप है कि जेडीए अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर जमीन के आवंटन पत्र को दूसरी कंपनी इंटरनेशनल एम्युजमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर जारी करवा दिया। इसके बाद लीज डीड को भी एक तीसरी कंपनी इंटरनेशनल एम्युजमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के नाम पर जारी करवाने के आरोप लगे हैं। जेडीए ने इन नामों के बदलाव का कोई उल्लेख अपनी फाइलों में नहीं किया है।

**गांधी जयंती से खुलेगा गांधी वाटिका म्यूजियम**

# गहलोत के नेतृत्व में दिया जाने वाला धरना रद्द

**बेधड़क । जयपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा जयपुर के सेंट्रल पार्क में 85 करोड़ रुपए की लागत से बने गांधी वाटिका म्यूजियम को आम जनता के लिए खोलने की मांग मानने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में दिया जाने वाला धरना रद्द कर दिया गया। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति ओर से पूर्व महाधिवक्ता गिरधारी सिंह बापना ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गांधी जयंती दो अक्टूबर से सेंट्रल पार्क में बने इस म्यूजियम को खोलने के ऐलान कर दिया है। इसके बाद समिति के सदस्यों ने धरना रद्द करने का निर्णय लिया। समिति सदस्यों ने इस घोषणा के लिए राज्य सरकार का आभार जताया है। साथ ही इस मांग को दोहराया कि पहले छह माह यह म्यूजियम सभी आगंतुकों के लिए निशुल्क किया जाए। बापना ने प्रस्तावित धरना कार्यक्रम को दिए व्यापक समर्थन के लिए राज्य की जनता, देश-प्रदेश के गांधीवादियों, एडवोकेट्स और राज्य के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने बताया कि समिति के एक शिष्टमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी इस सफल संघर्ष के लिए माला पहना कर बधाई दी। शिष्टमंडल में बापना सहित धर्मेंद्र सिंह राठौड़, धर्मवीर कटेवा, हनुमान नायला, रुपिन काला, कुसुम जैन, गणेश परिहार, भवानी शंकर माली सहित गांधी जीवन दर्शन में आस्था रखने वाले अनेक लोग शामिल थे।



**हाई कोर्ट में संविदाकर्मी के सुसाइड मामले में प्रशासन-परिजनों में देर रात बनी सहमति**

# पत्नी को नौकरी, आश्रितों को 11 लाख रुपए

**बेधड़क । जयपुर**

हाई कोर्ट की जयपुर बेंच में फंदा लगाकर खुदकुशी करने वाले संविदाकर्मी मनीष सैनी की पत्नी को पत्नी को संविदा पर नौकरी दी जाएगी और आश्रितों को 11 लाख रुपए की आर्थिक मदद मिलेगी। इसके साथ ही हाई कोर्ट में ही संविदा पर कार्य कर रहे कर्मचारियों की वेतन में वृद्धि की गई है। यह सहमति देर रात को प्रशासन और मृतक के परिजनों के बीच बनी। इसके बाद मनीष सैनी के परिजन शव को लेकर बांदीकुई चले गए। जहां शनिवार को उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

बता दें कि बांदीकुई के रहने वाले मनीष सैनी (40) ने हाई कोर्ट परिसर के थर्ड फ्लोर पर बी ब्लॉक के अपील सेक्शन के कमरा नंबर 306 में फंदा लगा लिया था। वह साल 2005 से राजस्थान हाई कोर्ट में संविदा पर काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलने पर युवक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। यहां उन्होंने धरना देकर प्रशासन और सरकार के खिलाफ विरोध जताया। सभी संविदाकर्मी जीए (गवर्नमेंट एडवोकेट) ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने पर अशोक नगर थानाधिकारी उमेश बेनीवाल मौके पर पहुंचे।

प्रदर्शन के दौरान दोपहर को वकील हाईकोर्ट के बाहर सड़क पर आ गए और रास्ता रोक दिया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया कि वकीलों ने जाम लगाते हुए प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इससे हाईकोर्ट सर्किल से स्टैच्यू सर्किल जाने वाले रास्ते पर जाम लग गया था।



**एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की जांच में खुलासा**

# पुलिस वेरिफिकेशन की पोल से तत्काल में बन रहे गैंगस्टरों के पासपोर्ट

**ओमप्रकाश शर्मा । बेधड़क**

**जयपुर।** गैंगस्टर मात्र डेढ़ लाख रुपए देकर बड़ी आसानी दूसरों के नाम-पते के दस्तावेज बनाकर तत्काल में पासपोर्ट बनवा रहे हैं। फिर उनके जरिए विदेश जाकर वहां से व्यापारियों को फोन पर धमकाकर फिरौती मांगने से लेकर हत्या जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा संभव हो पा रहा है क्योंकि तत्काल में पासपोर्ट बनाने के लिए किसी की अनुशंसा की जरूरत नहीं होती है और पुलिस वेरिफिकेशन भी पासपोर्ट जारी होने के बाद होता है।

यह चौंकाने वाला खुलासा पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की जांच में हुआ है। पासपोर्ट बनाने के लिए एक गिरोह ने दिल्ली में ऑफिस तक खोल रखा है। पासपोर्ट बनाने की रफ्तार इतनी तेज होती है कि बदमाश खुद पासपोर्ट बनाने के लिए एजेंट के इशारे पर कागजों का सत्यापन कराने के लिए पासपोर्ट ऑफिस भी आते और सत्यापन के बाद अगले दिन ही जारी होने पर एजेंट खुद डाक ऑफिस पहुंचकर डाकिये से मिलीभगत करके पासपोर्ट अपने कब्जे में ले लेते हैं।

पड़ताल में सामने आया कि पुलिस मुख्यालय ने इस गिरोह के एक बदमाश को भी दबोचा था। जाली पासपोर्ट से बदमाश विदेश भागने में कामयाब हो गए और दुबई, कनाड़ा व अन्य देशों में बैठकर हत्या, अपहरण व फिरौती की वारदातों को तो अंजाम दे रहे हैं। साथ में राजस्थान, हरियाणा व पंजाब में गैंग से युवाओं को जोड़ रहे हैं, जो इन गैंगस्टरों के इशारे पर वारदातों को अंजाम दे रहे है। लॉरेंस गैंग को विदेश में बैठकर ऑपरेट कर रहे रोहित गोदारा, लॉरेंस का भांजा सचिन थापन, अंकित जाखड़ और सुनील यादव का पासपोर्ट दिल्ली के गिरोह ने ही बनाया है।



### 500 रुपए में डाकिये से ऑफिस में ही ले लेते हैं


पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरोह द्वारा लोगों के दस्तावेज बनाने की जिम्मेदारी अपनी अपने साथियों को दे जाती है। पासपोर्ट बनाने वाले के दूसरे नाम-पते से वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेज तैयार किए जाते है। पासपोर्ट पर फोटो संबंधित व्यक्ति की लगाते थे, ताकि पासपोर्ट ऑफिस में सत्यापन के दौरान कोई अड़चन नहीं आए। कागजों के सत्यापन के बाद आरोपी राहुल ऑनलाइन पासपोर्ट जारी होने की प्रक्रिया पर निगरानी रखता था। डाक ऑफिस में पहुंचने के बाद संबंधित बीट के डाकिये की जानकारी लेकर उनसे से संपर्क कर लेता था। इसके बाद डाकिये को 500 रुपए देकर ऑफिस से पासपोर्ट को अपने कब्जे में ले लेता था।

### इसलिए बन रहा है आसानी से पासपोर्ट

तत्काल में पासपोर्ट बनाने के लिए पहले किसी को केन्द्र व राज्य सेवा से जुड़े अफसरों की एनओसी लेनी पड़ती थी। अफसरों की अनुशंसा पर ही तत्काल में पासपोर्ट बनता था। इसके अलावा तत्काल में पासपोर्ट लेने के लिए पुलिस वेरिफिकेशन भी पासपोर्ट जारी होने से पहले होता था, लेकिन इस प्रक्रिया को बंद कर दिया है। अब तत्काल में पासपोर्ट बनाने के लिए किसी की अनुशंसा की जरूरत नहीं होती है और पुलिस वेरिफिकेशन भी पासपोर्ट जारी होने के बाद होता है। ऐसे में बदमाशों के आसानी से पासपोर्ट बन गए।

## जरूरी खबर

### रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरी, CCTV में कैद हुई वारदात



**बीकानेर।** बीकानेर रेलवे स्टेशन से एक बच्ची चोरी होने का मामला सामने आया है। बता दें कि बच्ची रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर अपने परिवार के साथ थी। घर वालों की आंख लगते ही एक 15 साल की लड़की इसे उठाकर ले गई। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों में यह दृश्य कैद हो गया। जीआरपी पुलिस ने मामला दर्ज करने के साथ ही स्थानीय पुलिस के सहयोग से छानबीन शुरू कर दी है। जीआरपी पुलिस थाना प्रभारी नेहा ने बताया कि छह नंबर प्लेटफॉर्म पर रात करीब तीन बजे कोटा से आई एक महिला सो रही थी। एक युवती इस बच्ची को उठाकर ले गई।

### वीएचपी ने लगाया विकलांग शिविर, 37 कृत्रिम अंग बनाए



**अयोध्या।** विश्व हिन्दू परिषद और अशोक सिंघल फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार से कारसेवक पुरम में पांच दिवसीय विकलांग शिविर प्रारंभ हुआ। खास बात यह है कि अंग विहीन लोगों का नाप लेकर संबंधित अंग मौके पर ही तैयार करके लाभार्थी को लगाए जाएंगे। पहले दिन 37 विकलांगों के लिए कृत्रिम अंग तैयार किए गए और अशोक सिंघल नेत्र चिकित्सा संस्थान की ओर से 35 की आंखें जांची गईं।

**5 थानों की पुलिस पहुंची, दोपहर तक बंद रही दुकानें**

# युवकों की पिटाई के बाद तनाव सड़क पर पढ़ी हनुमान चालीसा

**बेधड़क | राजसमंद**

शहर के राजनगर इलाके में बीते गुरुवार को एक मोहल्ले के 4 युवकों ने दो लड़कों के मारपीट की। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि घटना में दोनों लड़कों को हल्की चोटें आई। मगर घटना से नाराज स्थानीय लोग रात में सड़कों पर उतर आए और वाहनों में तोड़-फोड़ कर दी। इसके बाद राजनगर थाना समेत 5 थानों की पुलिस ने माहौल शांत कराया।

शुक्रवार सुबह भी कई संगठनों के लोग सड़क पर उतर आए और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। घटना के विरोध में शुक्रवार को सुबह 11 बजे तक लोगों ने आंशिक रूप से दुकानें बंद रखीं। दोपहर 12 बजे तक दुकानें खुलने लगी थीं। राजसमंद एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात 8.15 बजे राजनगर के यादव मोहल्ला निवासी राहुल पुत्र नंद किशोर और कृष्णा पुत्र विक्रम घर से कुछ दूर मामू भाणेज रोड पर चबूतरे पर बैठे थे। वे इंस्टाग्राम पर भजन सुन रहे थे।

इस दौरान 8.30 बजे नजदीकी मोहल्ले से 4 लड़के लाठी-डंडे लेकर आए और दोनों से मारपीट की। दरअसल, कुछ दिन पहले एक आयोजन के दौरान आरोपी युवकों में से एक ने राहुल पर थूक दिया था। इसके बाद हंगामा हो गया था। राहुल की ओर से थाने में शिकायत की गई। पुलिस ने शांतिभंग में कुछ आरोपियों को पकड़कर छोड़ दिया था। इसके बाद से आरोपी पक्ष ने रंजिश पाल ली थी। उस घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के लोग भी आक्रोशित थे। गुरुवार रात राहुल समेत दो लड़कों की पिटाई से मामला बढ़ गया। रात 9.30 बजे दोनों लड़कों को आरके हॉस्पिटल ले जाया गया। उन्हें हल्की चोट थी। घटना के विरोध में शुक्रवार को सुबह 11 बजे तक लोगों ने आंशिक रूप से दुकानें बंद रखीं। दोपहर 12 बजे तक दुकानें खुलने लगी थीं।



### एसपी ने शांति की अपील

घटना के बाद शुक्रवार सुबह 7 बजे से ही कुछ संगठनों से जुड़े लोग राजनगर थाने के बाहर जुट गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी की। सुबह 9 बजे से लोगों ने थाने के बाहर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया। एसपी मनीष त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस को 3 दिन का समय दीजिए। सभी चारों आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करेगी। मेरी अपील है कि सोशल मीडिया से अफवाह न फैलाएं। जो ऐसा करेगा उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। कुछ लोग जान बूझकर अफवाह फैलाते हैं। लोग शांति बनाए रखें। हम कानून व्यवस्था कायम करने के लिए समझौता नहीं करेंगे। लोगों ने हमें कई तरह की शिकायतें की हैं। ये कई विभागों से जुड़ी हैं। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। हमने टीमें बनाई हैं। इलाके में गश्त भी बढ़ाएंगे। लोग शांति और सौहार्द्र बनाए रखें। अभी 4 आरोपी नामजद हैं। इनकी संख्या बढ़ भी सकती है।

### रात को बिगड़ा मामला, सड़कों पर उतरे लोग

घटना को लेकर रात 10 बजे लोग सड़कों पर उतर आए और ठोकार इलाके में कुछ वाहनों के शीशे फोड़ दिए। लोग नारेबाजी करने लगे। राजनगर थाना घटनास्थल से 400 मीटर की दूरी पर था। ऐसे में पुलिस पहुंची और भीड़ को तितर-बितर कर दिया। रात 11 बजे माहौल अशांत होने के कारण 5 थानों की पुलिस भी आ गई और राजनगर में लोगों को भीड़ जुटाने से रोका। रात भर पुलिस ने राजनगर के बाजारों में गश्त की। देर रात डीएसपी विवेक सिंह ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को आश्वासन दिया कि आरोपी चारों लड़कों को पकड़ लिया जाएगा।

**SDRF टीम महिला को तलाशने में जुटी**

# नहर में गिरे पति-पत्नी, पति बचा... पत्नी की तलाश जारी



### पुलिस पति को शक के घेरे में रख कर रही जांच

**बेधड़क | बीकानेर**

जिले की इंदिरा गांधी नहर में पति-पत्नी कार सहित गिर गए। घटना में पति ने कार से बाहर आकर तैरते हुए अपनी जान बचाई। वहीं उसकी पत्नी और कार बह गई। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और महिला की सुबह से तलाश जारी है।

छत्तरगढ़ पुलिस के अनुसार-कार में अनूप कुमार धानक (28) और उसकी पत्नी रेणु (26) थे। दोनों सियासर पंचकोसा (बीकानेर) के निवासी हैं। गुरुवार शाम चार बजे शेरपुरा-465 पहुंचे थे। शेरपुरा से रात 9 बजे वापस अपनी ढाणी 660-आरडी आ रहे थे। महिला के पति ने बताया कि वापसी के समय गाड़ी 80 की स्पीड पर चल रही थी। अचानक एक पशु सामने आने से कार का बैलेंस बिगड़ गया और कार पानी में गिर गई। जैसे-तैसे कार के गेट को खोलकर पानी में छलांग लगाकर अपनी जान बचाई।

पत्नी रेणु कार सहित नहर में डूब गई। छत्तरगढ़ पुलिस और एसडीआरएफ की टीम महिला की तलाश कर रही है। टीम ने नहर में नाव से चक्कर लगाए हैं। सुबह करीब 8 बजे से सर्च ऑपरेशन चल रहा है, लेकिन अभी तक महिला का कुछ पता नहीं लगा है। पानी में फिलहाल कार भी नहीं मिली है। पुलिस पति को भी शक के घेरे में रखकर जांच कर रही है।

**वीर हनुमान मंदिर इलाके में घटना की वारदात**

# अपहरण मामले में तीन गिरफ्तार

**बेधड़क | चौमूं**

चौमूं थाना पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए अपहरण व मारपीट करने के मामले में करीब 4 माह से फरार चल रहे 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौमूं थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ करीब 4 माह पहले पुलिस थाने में एक मामला दर्ज हुआ था। मामले की रिपोर्ट में पीड़ित ने बताया कि चौमूं शहर के राधास्वामी बाग चौराहे के पास से एक कार में सवार होकर 5-7 लोग आए और मेरा जबरन अपहरण करके ले गए हैं और सामोद के वीर हनुमान जी मंदिर इलाके की ओर ले जाकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। और जेब में रखें रुपए छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे। हालांकि पुलिस ने इस मामले में पहले कार्रवाई करते हुए आरोपी गुलशन उर्फ प्रवीण शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था और आरोपी के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में हत्या, अपहरण और लूट के मामले दर्ज हैं।



**दिल्ली में जिला कलेक्टर और सरपंच ने किया पुरस्कार ग्रहण**

# देवमाली गांव सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के ब्यावर जिले के देवमाली गांव को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर केन्द्र सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ब्यावर के तत्कालीन कलक्टर उत्सव कौशल और देवमाली गांव की सरपंच पूजा गुर्जर ने ग्रहण किया। नई दिल्ली के श्रेणी में दिया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, केंद्रीय मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री, नागरिक विमानन किंजरापु राममोहन नायडू, केंद्रीय राज्य मंत्री पर्यटन सुरेश गोपी सहित पर्यटन मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। सर्वश्रेष्ठ गांव प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण 2024 में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 991 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 8 श्रेणियों के अंतर्गत 36 गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता 2024 में सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि ब्यावर जिले में स्थित देवमाली देवनारायण भगवान की भूमि कहलाता है। इस गांव की संस्कृति और यहां का जनजीवन ही इसे यह पुरस्कार दिलाने में मददगार साबित हुआ।




विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में देवमाली गांव को यह पुरस्कार समुदाय आधारित पर्यटन







JAYOTI VIDYAPEETH WOMEN'S UNIVERSITY
NAAC Accredited | (2f), (12b) UGC Approved | Recognized by Statutory Councils
महिला शिक्षा हेतु अभिभावकों की पहली पसन्द
"शिक्षा के साथ, सुरक्षा का विश्वास"
2024-25 Admission Open
BBA Retail (Study with Job)
Earn stipend upto 10K per month from 1st year
RASCI
Reliance RETAIL
Skill India
Merit - Based Scholarship upto 50%
100% Placement Provided upto 31 LPA
Overall Holistic Development
Make career in BNYS (with or without NEET) Become a registered Yoga Naturopathy Doctor
PROGRAMS OFFERED
AYUSH Become a Registered AYUSH Doctor
Bachelor of Ayurvedic Medicine & Surgery (BAMS)
Admission through NEET Counselling
Become a Yoga & Naturopathy Doctor
Bachelor of Naturopathy & Yogic Sciences (BNYS)
Admission with or without NEET
ENGINEERING
B.Tech. (Computer Science & Engineering)
Artificial Intelligence (AI)
Machine Learning
Data Science
Cyber Security
Cloud Computing
Computer Graphics Engineering
B.Tech. (Food & Biotechnology)
M.Tech. (CSE / ECE / FT / BT)
Integrated B.Tech. + M.Tech. / Ph.D.
BCA
MCA
FASHION & FINE ARTS
B.Des. (Fashion Designing)
BFA (Bachelor of Fine Arts)
JOURNALISM
B.A. (Journalism)
M.A. (Journalism)
LAW
BBA-LLB
B.Com.-LLB
BA-LLB
LLB
LLM
EDUCATION & METHODOLOGY
B.A.-B.Ed. B.Sc.-B.Ed. B.Ed. M.Ed.
B.A. M.A. B.Sc. M.Sc.
MANAGEMENT& COMMERCE
BBA (Hons. with Research)
Business Analytics
Retail Management (Partnered with RASCI, GoI)
Banking & Financial Services
Hospital & Healthcare Management
Human Resource Management
Innovation & Entrepreneurship
Logistics & Supply Chain Management
MBA
Hospital & Healthcare Management
Human Resource Management
Banking & Finance Management
B.Com. (Hons. with Research) and M.Com.
PHYSIOTHERAPY
BPT
MPT
PHARMACY
B.Pharm and M. Pharm (PCE) / M.Pharm (PCO)
RESEARCH
Ph.D. (For Males & Females both)
Residential Green Campus
STATE OF ART
Hostel Facilities
24x7 High Security
24x7 Medical Facilities
Recreational Activities
CCTV Surveillance in Entire Campus
Sports Activities
Educational Tours & Visits
Gymnasium
Well Equipped Libraries
Transport Facility
(M) 9001140140, 9001096035, 8764654561, 9001320320, 9001999322
TOLL FREE No. : 1800 5722 266
www.jvwu.ac.in
Address : Vedant Gyan Valley, Vill. Jharna, Mahla-Jobner Link Road, Jaipur-Ajmer Express Way, NH-8, Jaipur - 303122 (Raj.) INDIA

# जम्मू कश्मीर चुनाव से चिंताजनक संकेत



अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के दो चरण समाप्त हो चुके हैं, परिणाम जो भी आये, वहां से काफी चिंताजनक और भविष्य की दृष्टि से डरावने संकेत मिल रहे हैं। लंबे समय से वहां की राजनीति में स्थापित प्रमुख पार्टियां नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी तथा हाल में खड़ी जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी आदि द्वारा उठाए जा रहे विषय और मुद्दे देश की एकता - अखंडता और जम्मू कश्मीर में शांति व्यवस्था की दृष्टि से बिल्कुल अस्वीकार्य होना चाहिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने अब संसद हमले के अभियुक्त अफजल गुरु की फांसी को भी चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा है कि अफजल गुरु की फांसी में जम्मू सरकार की मंजूरी की जरूरत पड़ती तो हम नहीं देते। वे यही नहीं रुके और कहा कि मुझे नहीं लगता कि उसे फांसी देने से कोई उद्देश्य पूरा हुआ है। हमने कई बार देखा है कि फांसी की सजा दे दी जाती है और बाद में यह पता चलता है कि व्यक्ति निर्दोष था। यह भारत की न्याय व्यवस्था के साथ संपूर्ण सत्ता के विरुद्ध बयान है। अफजल गुरु के भाई एजाज अहमद गुरु ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा करते ही पार्टियों ने यह राग अलापना शुरू कर दिया।

महबूबा मुफ्ती अफजल गुरु की फांसी को अन्याय बताती रही हैं और उनकी प्रतिक्रिया भी यही है। ज्यादातर नेता जम्मू कश्मीर और इंडिया शब्द बोलने लगे हैं। यानी जम्मू कश्मीर और इंडिया या भारत दो अलग-अलग एंटायटी हैं। मेहबूबा मुफ्ती ने जमात ए इस्लामी से प्रतिबंध हटाकर उसे चुनाव लड़ने की अनुमति देने की मांग की है। जैसी जानकारी है प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के सदस्य निर्दलीय नामांकन कर रहे हैं। ये सारी पार्टियां पाकिस्तान के एक पक्ष होने से लेकर धारा 370 हटाने के पूर्व स्थिति बहाली के साथ भारत से स्वायत्त और अनेक मामलों में

> “अफजल गुरु 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर हमले के दो दिनों बाद 15 दिसंबर को गिरफ्तार हुआ। 18 दिसंबर, 2002 को अफजल गुरु, एसआर गिलानी और शौकत हसन गुरु को फांसी की सजा दी गई तथा एक आरोपी अहसान गुरु को बरी किया गया। 4 अगस्त, 2005 को उच्चतम न्यायालय ने अफजल गुरु की सजा को बनाए रखा तथा शौकत हसन गुरु की फांसी की सजा 10 साल कठोर कारावास में परिणत कर दिया।”

स्वतंत्र अवस्था में होने का वायदा कर रहे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणा पत्र में इन बातों के साथ शंकराचार्य पर्वत को तख्त ए सुलेमान और हरि पर्वत को कोहे मारन नाम देने की घोषणा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस की चर्चा इसलिए कि देश में ऐसी छवि बनाई गई कि यह पार्टी और अब्दुल्ला परिवार अन्यों से ज्यादा लिबरल और भारत समर्थक है। आप पार्टियों के घोषणा पत्र, उनके भाषणों के स्थानीय समाचार पत्रों, वेबसाइटों आदि से जानकारी लें तो पता चल जाएगा कि चुनाव में क्या हो रहा है। अफजल गुरु 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर हमले के दो दिनों बाद 15 दिसंबर को गिरफ्तार हुआ। 18 दिसंबर, 2002 को अफजल गुरु, एसआर गिलानी और शौकत हसन गुरु को फांसी की सजा दी गई तथा एक आरोपी अहसान गुरु को बरी किया गया। 4 अगस्त, 2005 को उच्चतम न्यायालय ने अफजल गुरु की सजा को बनाए रखा तथा शौकत हसन गुरु की फांसी की सजा 10 साल कठोर कारावास में परिणत कर दिया। न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने 26 सितंबर , 2006 को अफजल गुरु को फांसी देने का आदेश दिया। अफजल गुरु की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अंतिम दया याचिका भी 12 जनवरी, 2007 को खारिज हो गई। काफी समय तक उसे फांसी नहीं चढ़ाने पर आम लोगों और भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया और काफी बहस चली।

23 जनवरी, 2013 को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अफजल गुरु की दया याचिका खारिज कर गृह मंत्रालय को वापस भेज दिया। यह इतना बड़ा मुद्दा बन गया था कि कांग्रेस को लगा कि चुनाव में लेने के देने पड़ सकते हैं। तब 9 फरवरी, 2013 को तिहाड़ जेल में सुबह अफजल को फांसी दे दी गई। इनका जिक्र इसलिए जरूरी है कि देश के ध्यान में रहे कि न्यायिक प्रक्रिया के सारे विकल्प अपनाने के बावजूद लंबे समय बाद वह फांसी पर चढ़ा। उसे आज अगर जम्मू कश्मीर में पार्टियां मुद्दा बना रही हैं तो कल्पना कर सकते हैं कि वहां ये किस तरह का माहौल बना रहे हैं। क्या यह संसद हमले को सही ठहराना नहीं है? क्या यह आतंकवादी के कृत्य का समर्थन नहीं है? इन सबसे परे मुख्य प्रश्न यह है कि आखिर इससे जम्मू कश्मीर का वातावरण कैसा बनाने की कोशिश हो रही है? वैसे इसमें आश्चर्य की भी कोई बात नहीं है, क्योंकि जम्मू कश्मीर की ये पार्टियां तभी से अफजल गुरु की फांसी का विरोध करती रही है। उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री थे और विधानसभा में चर्चा में अफजल को निर्दोष कहा गया तथा फांसी के विरुद्ध प्रस्ताव पारित हुआ।कहने की आवश्यकता नहीं कि मजहबी अलगाववाद, आतंकवाद और पाकिस्तान को अभी भी ये अपने राजनीतिक हैसियत के लिए आवश्यक मानते हैं। धारा 370 हटाने और मोदी सरकार की पूर्ववर्ती नीतियों से यह स्थिति लगभग समाप्त है, तो अस्तित्व का ध्यान रखते हुए फिर पुरानी स्थिति लाने की कुचेष्टा है, जिससे जम्मू कश्मीर अन्य राज्यों से अलग सोच वाला हिंसा और अलगाववाद से ग्रस्त तथा तीसरी पार्टी यानी पाकिस्तान के मान्य अधिकारों की भावना वाला प्रदेश बने। चुनाव में पार्टियों का राजनीतिक स्वार्थ है किंतु देश की दृष्टि से इस तरह के विचार और व्यवहार का सभी पार्टियों, नेताओं और बुद्धिजीवियों को एक स्वर में विरोध करना चाहिए।

***(ये लेखक के निजी विचार हैं)***

## अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर विशेष

# महान क्रांतिनायक भगत सिंह



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> “जेल में भगत सिंह को अत्यधिक यातनाएं सहनी पड़ीं। उन्हें खराब खाना दिया जाता था, और उन्हें गालियां दी जाती थीं। फिर भी, उन्होंने इस कठिन समय में भी अपनी सोच को मजबूत रखा। उन्होंने जेल में रहते हुए अपने विचारों को विस्तार दिया और क्रांति का बिगुल फूंका। उनके विचारों में भारतीयों के प्रति अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ एक ठोस विरोध था, जो आज भी प्रासंगिक है।”

भारत के महान क्रांतिनायक भगत सिंह का जीवन ऐसे कई अध्यायों से भरा हुआ है, जो देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देते हैं। महज 23 वर्ष की उम्र में, भगत सिंह ने अपने लेखन और विचारों के माध्यम से एक ऐसा आंदोलन खड़ा किया, जो दशकों तक युवा पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। उनकी शहादत और विचारों ने यह संदेश दिया कि क्रांतिकारी आंदोलन का उद्देश्य अंध राष्ट्रवाद नहीं, बल्कि राष्ट्र का समुचित निर्माण है। भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब के लायलपुर जिले में हुआ था।



उनका परिवार स्वतंत्रता संग्राम से गहरे जुड़ा हुआ था, जिससे उन्हें देशभक्ति की प्रेरणा मिली। बचपन से ही भगत सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ जन आंदोलनों में भाग लिया और उन्होंने अपने विचारों को विस्तारित करने के लिए लेखन का सहारा लिया। उनके विचारों में समाजवाद और मानववाद की गहरी छाप थी, जो उनके व्यक्तित्व को परिभाषित करती थी। 1928 में लाला लाजपत राय की हत्या ने भगत सिंह और उनके साथियों को भयानक आक्रोश में डाल दिया। जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसाईं, तब लाला लाजपत राय गंभीर रूप से घायल हुए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई।

इस घटना ने भगत सिंह के दिल में विद्रोह की एक आग प्रज्वलित कर दी। उन्होंने अपनी सोच को और भी दृढ़ता से पेश किया और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ कदम उठाने का निर्णय लिया। भगत सिंह का सबसे प्रसिद्ध कार्य 8 अप्रैल 1929 को हुआ, जब उन्होंने अपने साथी बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर ब्रिटिश सरकार की केंद्रीय असेंबली में बम फेंका। इस बम का उद्देश्य किसी को नुकसान पहुँचाना नहीं था, बल्कि एक संदेश देना था। उन्होंने बम फेंकने के बाद “इंकलाब जिंदाबाद” के नारे लगाए और पर्चे फेंके। उन्होंने स्पष्ट किया कि “अगर बहरों को सुनना है तो आवाज को बहुत जोरदार होना होगा।” उनका यह साहस दिखाता है कि वे अपने विचारों के लिए कटिबद्ध थे और अपनी गिरफ्तारी को स्वीकार किया। भगत सिंह का विश्वास हिंसा में नहीं था। उन्होंने कहा था, “जरूरी नहीं कि क्रांति में अभिशप्त संघर्ष शामिल हो।” उनकी विचारधारा अहिंसा के सिद्धांत पर आधारित थी, जिसमें उन्होंने कहा कि “अहिंसा को आत्मबल के सिद्धांत का समर्थन प्राप्त है।”

यह उनकी महानता का परिचायक है कि वे एक ऐसे क्रांतिकारी थे, जिन्होंने समाज में बदलाव लाने के लिए विचारों की शक्ति को प्राथमिकता दी। जेल में भगत सिंह को अत्यधिक यातनाएं सहनी पड़ीं। उन्हें खराब खाना दिया जाता था, और उन्हें गालियाँ दी जाती थीं। फिर भी, उन्होंने इस कठिन समय में भी अपनी सोच को मजबूत रखा। उन्होंने जेल में रहते हुए अपने विचारों को विस्तार दिया और क्रांति का बिगुल फूंका। उनके विचारों में भारतीयों के प्रति अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ एक ठोस विरोध था, जो आज भी प्रासंगिक है। 24 मार्च 1931 को जब भगत सिंह को फांसी पर लटकाया गया, तो ब्रिटिश सरकार उनके शव को टुकड़ों में काटने का निर्णय लिया। उन्हें भय था कि अगर उनके शव को परिवार को सौंपा गया, तो देश में क्रांति भड़क उठेगी। भगत सिंह ने कहा था, “किसी को क्रांति शब्द की व्याख्या शाब्दिक अर्थ में नहीं करनी चाहिए।” उनका यह विचार बताता है कि वे केवल क्रांति के शब्द से नहीं, बल्कि उसके पीछे की सोच और भावना से जुड़े थे। हालांकि भगत सिंह का जीवन और उनके विचार समाज में असीमित प्रभाव डालने वाले थे, लेकिन दुर्भाग्य से, उनकी छवि को विकृत करने का प्रयास किया गया। कुछ इतिहासकारों ने उन्हें “क्रांतिकारी आतंकवादी” के रूप में चित्रित किया, जो न केवल उनके विचारों के साथ अन्याय है, बल्कि एक ऐतिहासिक अन्याय भी है। विपिन चंद्रा और मृदुला मुखर्जी जैसे जाने-माने इतिहासकारों ने भगत सिंह को इस तरह से प्रस्तुत किया है कि यह भारतीय इतिहास की विकृति का एक उदाहरण बन गया है। भारतीय इतिहास लेखन में भगत सिंह की भूमिका को सही तरीके से समझना आवश्यक है।

अगर भारतीय इतिहास को भारतीय चेतना और सोच के प्रकाश में लिखा गया होता, तो आज भगत सिंह को आतंकवादी के रूप में नहीं जाना जाता। उनके विचारों को एक नई दृष्टि से देखना चाहिए, जिसमें उनके संघर्ष और बलिदान की वास्तविकता को समझा जा सके। भगत सिंह का जीवन एक प्रेरणा है। उन्होंने यह सिखाया कि युवाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उनके विचार यह दर्शाते हैं कि संघर्ष का अर्थ केवल हिंसा नहीं है, बल्कि यह एक मानसिकता है। उनका संदेश है कि हम अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण तरीकों से भी लड़ सकते हैं। भगत सिंह की विचारधारा में समाजवाद और मानवता का विशेष स्थान था। उन्होंने यह महसूस किया कि क्रांति का अर्थ केवल राजनीतिक बदलाव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक बदलाव भी है। उन्होंने अपने विचारों में यह स्पष्ट किया कि एक सच्चे क्रांतिकारी को मानवता के उत्थान के लिए लड़ाई लड़नी चाहिए। भगत सिंह का जीवन एक प्रेरक कहानी है जो हमें यह सिखाती है कि राष्ट्रभक्ति का अर्थ केवल देश के लिए जीना और मरना नहीं है, बल्कि उसके उत्थान के लिए काम करना है। उन्हें एक क्रांतिकारी के रूप में नहीं, बल्कि एक विचारक और मानवतावादी के रूप में भी याद किया जाना चाहिए। उनकी शहादत और विचार सदैव हमें प्रेरित करते रहेंगे, हमें एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। भगत सिंह के विचार और कार्य हमें यह सिखाते हैं कि हमें अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए और इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उनके विचारों से हमें यह समझना चाहिए कि सच्ची क्रांति शांति और विचारों की शक्ति के माध्यम से ही संभव है।

उनका जीवन यह प्रमाणित करता है कि युवा पीढ़ी को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहना चाहिए, ताकि वे अपने सपनों के भारत का निर्माण कर सकें। भगत सिंह की प्रेरणा से, हम सभी को अपने देश के उत्थान के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और उनके विचारों को फैलाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी उनकी प्रेरणा से भरपूर रहें। उनके जीवन की यह कहानी हमें सिखाती है कि हर व्यक्ति में एक क्रांतिकारी की क्षमता होती है, और हमें इसे पहचानकर आगे बढ़ना चाहिए।

***(ये लेखक के निजी विचार हैं)***

## व्यंग्य

# मेरा फोन टैप करो !



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

राजनेताओं के फोन टेप हो रहे हैं और मैं टुकुर-टुकुर देख रहा हूं। मैं सार्वजनिक घोषणा करता हूं कि मेरा फोन भी टैप किया जाए। मैं फोन टेपिंग से डरता नहीं हूं। पता नहीं राजनेता इससे डरते क्यों है? डरने की इसमें बात क्या है, राजनेता का जीवन तो खुली किताब की तरह होता है। उसका जीवन राष्ट्रहित को समर्पित होता है, इसलिए उनके फोन भी राष्ट्रीयता से ही भरे हुए होंगे, इसमें आरोप-प्रत्यारोप की बात ही क्या है! वे डरें तो डरें लेकिन मैं फोन टैपिंग से तनिक भी नहीं घबराता हूं, क्योंकि मेरे फोन में कोई आपत्तिजनक वार्ता सम्मिलित है ही नहीं। सरकार से मैं करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि वे मेरा फोन मुझे बता कर टेप कर ले या चुपचाप करा ले, मैं दोनों ही स्थितियों के लिए तैयार हूं। अरे भाई मैं कोई साजिश तो रच नहीं रहा अथवा देशद्रोह जैसा अपराध भी नहीं कर रहा, इसलिए मैं निर्भय हूं। मुझे सांसदों अथवा विधायकों की खरीद-फरोख्त नहीं करनी, किसी की सरकार न बनानी और न गिरानी तो, मैं डरूं क्यों?

मेरे एक मित्र हैं, वे पढ़े-लिखे हैं, बुद्धिजीवी हैं, उनके फोन अवश्य देश की चिंता को लेकर आते हैं। उसमें भी यही विश्लेषण होता है कि आखिर देश को और सरकार को अथवा राजनेताओं को हो क्या गया है कि वे इसे रसातल में ले जाने को उतारू हो रहे हैं। अब कोई रिश्वत और कमीशन खाए तो यह तो वार्ता होगी नहीं कि उसने यह अच्छा कार्य किया है। उसकी आलोचना ही होती है और यह अधिकार अभिव्यक्ति के रूप में संविधान ने नागरिक रूप में हमें दिया हुआ है।

इस फोन वार्ता में आपत्तिजनक है क्या? देश को सरासर लूटो, गबन-घोटाला करो तो उस आदमी की आलोचना तो आम आदमी भी करेगा ही। इसलिए यदि मेरी इन फोनवार्ताओं के आधार पर मेरा कोई विधिसम्मत मामला भी बनता है तो मैं इसके लिए सहर्ष तैयार हूं। मुझे अपने देश और लोकतंत्र की पैरवी करने का जन्मसिद्ध अधिकार है।

एक फोन मुझे नियमित रूप से डॉक्टर से और अपने दवा वाले को करना पड़ता है। भाई यह दवा खत्म हो गई दे जाना और बिल बनाकर पैसे ले जाना। डॉक्टर से भी रुग्णता के समाचार बताकर दवाओं को समझना पड़ता है। अब यह कोई हवाला का तो लेन-देन है नहीं, जो मैं डरूं! महिलाओं के भी फोन आते हैं। कुछ महिलाएं मुझसे बात करना चाहती हैं तो कुछ मेरी धर्मपत्नी से, लेकिन इन फोनों में भी सीडी बनाने लायक वार्तालाप कुछ नहीं है। साफ-सुथरी वार्ताएं हैं, जो मैं महिलाओं से भी करता हूं। अश्लील वार्तालाप करूं तो सामने वाला सूरत नहीं बदल देगा। मेरा कहने का आशय यह है कि चुपके-चुपके फोन वार्ता करने जैसी कोई बात नहीं है। जरूरतों का मारा आम आदमी हूं, इसलिए अय्यासी की वार्ता का भी सवाल नहीं है।

कोई अवैध व्यवसाय करता नहीं हूं, जिसमें डरने जैसी कोई बात हो। मेरा मतलब न तो मैं कोई काम करवाने का पैसा लेता न किसी कि हत्या की सुपारी लेता अथवा तस्करी नहीं करता और न ही कोई दो नम्बर का काम करता तो फिर मुझे फोन टैपिंग से डरने की क्या बात है! आराम से करो मेरा फोन टैप, मुझे खुशी होगी। बल्कि मेरी वार्ताओं से तो राजनेता सीख भी सकते हैं कि फोन कैसे करना चाहिए। फोन के तो लाख फायदे हैं, उन्हें गिनाना मैं प्रासंगिक नहीं मानता, लेकिन मोटे तौर पर फोन ने दूरियां कम कर दी हैं, जिससे आदमी की भागदौड़ कम हो गई है। इसलिए मैं सरकार से और प्राइवेट डिटेक्टिव्स से अनुरोध करता हूं कि मेरा फोन टैप करें और दोषी हूं तो कानूनन कार्रवाई करें। इसलिए मेरा फोन अवश्य टैप करें, मैं कोई बावेला नहीं मचाऊंगा।



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
**@AmitShah**
राहुल गांधी को MSP का फुल फॉर्म तो पता नहीं है, लेकिन उन्हें लगता है कि MSP बोलने से वोट मिल जाएगा। राहुल बाबा, MSP के नाम पर किसानों से झूठ बोलना बंद करो।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
**@BhajanLalBJP**
‘विश्व पर्यटन दिवस’ की हार्दिक शुभकामनाएं। प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर एवं आतिथ्य परंपरा की अनूठी संगम स्थली राजस्थान विश्व के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में से एक है। ‘अतिथि देवो भव:’ की पावन परंपरा को धारण किए हुए हमारे गौरवशाली प्रदेश में सभी पर्यटन प्रेमियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है।

## लता मंगेशकर की जयंती आज

# संगीत के वृक्ष की अमर ‘लता’ मंगेशकर



मुकेश पोपली
व्यंग्यकार

> लता जी को ‘आजा रे परदेसी’, ‘कहीं दीप जले कहीं दिल’, ‘तुम्हीं मेरे मंदिर’ और ‘आप मुझे अच्छे लगने लगे’ जैसे गीतों के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायिका के रूप में पुरस्कृत किया गया।

लता मंगेशकर ने पुराने संगीतकारों के साथ अद्वितीय गीत गाकर हमें अपने कोकिला स्वर से मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने नई पीढ़ी के संगीतकारों के साथ भी काम किया, जिससे उनकी संगीत के प्रति लगन और मुहब्बत नई पीढ़ी के गायकों के लिए प्रेरणा बनी। उनके गाए कई गीत ऐसे हैं जो सिर्फ फिल्मी गीत नहीं, बल्कि विभिन्न अवसरों पर सुनने पर आनंद प्रदान करते हैं।

चाहे वह विद्यालय में प्रार्थना के रूप में हो, बच्चों की मां के प्रति प्रेम और आदर के भाव के साथ, या प्रेमिका की मोहक छेड़छाड़ का रूप हो। लता मंगेशकर का पूरा परिवार संगीत के प्रति समर्पित रहा है। 28 सितंबर 1929 को इंदौर में जन्मी इस अद्वितीय गायिका का मूल नाम हेमा मंगेशकर था। उनके अद्वितीय काम के लिए उन्हें कई सम्मान और पुरस्कार दिए गए हैं। अक्सर लगता है कि लता जी के पुरस्कारों से उनकी प्रसिद्धि नहीं बढ़ी, बल्कि ये पुरस्कार उनके कारण ही गरिमामयी बने।



भारत सरकार ने उन्हें 2001 में भारत रत्न से सम्मानित किया। यह देश का सर्वोच्च पुरस्कार है, जो किसी विशेष योगदान के लिए दिया जाता है।

लता मंगेशकर ने गायकी के क्षेत्र में अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया है। इससे पहले यह पुरस्कार सत्यजित राय, एम एस सुब्बूलक्ष्मी और रवि शंकर को मिल चुका था। 2001 में ही उन्हें प्रसिद्ध शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान के साथ इस सम्मान से नवाज़ा गया। फिल्मी जगत का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार लता जी को 1989 में मिला। लता मंगेशकर को कई राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिले हैं। 1972 में ‘परिचय’ के गीत ‘बीती न बिताई रैना’ के लिए, 1974 में ‘कोरा कागज’ के गीत ‘रूठे रूठे पिया’ के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ गायिका का पुरस्कार मिला। 1990 में ‘लेकिन’ फिल्म के लिए भी उन्हें पुरस्कृत किया गया, जिसमें वह सहनिर्मात्री थीं। फिल्मफेयर अकादमी ने भी उन्हें कई बार सम्मानित किया। लता जी को ‘आजा रे परदेसी’, ‘कहीं दीप जले कहीं दिल’, ‘तुम्ही मेरे मंदिर’ और ‘आप मुझे अच्छे लगने लगे’ जैसे गीतों के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायिका के रूप में पुरस्कृत किया गया। आगे चलकर उन्होंने अनुरोध किया कि उनके नाम पर पुरस्कारों पर विचार न किया जाए, ताकि अन्य प्रतिभाओं को भी मौका मिल सके। 1993 में उन्हें ‘लाइफटाइम अचीवमेंट’ पुरस्कार से नवाजा गया, और 1994 में ‘दीदी तेरा दीवाना’ गीत के लिए विशेष पुरस्कार मिला। महाराष्ट्र सरकार ने भी लता जी को ‘महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार’ से सम्मानित किया, जिसमें ‘साधी मंसा’ और ‘जैत रे जैत’ के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ गायिका के पुरस्कार मिले। उन्हें 1997 में ‘महाराष्ट्र भूषण सम्मान’ और 2001 में ‘महाराष्ट्र रत्न’ से भी सम्मानित किया गया। लता मंगेशकर का नाम 1974 में दुनिया में सबसे अधिक गीत गाने के गिनीज़ बुक रिकॉर्ड में शामिल किया गया। उन्हें कई अन्य पुरस्कार भी मिले, जैसे 1996 में ‘स्क्रीन’ का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, 1997 में राजीव गांधी पुरस्कार, और 1999 में एन टी आर पुरस्कार। बंगाल फिल्म पत्रकारिता संघ ने भी उन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा, जैसे ‘वो कौन थी’, ‘मिलन’, ‘राजा और रंक’, ‘सरस्वती चंद्र’ यह कहना मुश्किल है कि लता मंगेशकर का सबसे अच्छा गीत कौन सा है। उनके सभी गीत मधुर, मनभावन और दिल में बसने वाले हैं। चाहे वह भजन हो, आरती हो, खुशी का गीत हो या गम का, लता जी ने हर प्रकार के गीत को अपनी विशेष शैली में गाया है। उनके गाए सभी गीत हमारे दिलों में हमेशा के लिए बसे रहेंगे।


SRE GROUP
SHRI RAM EXCELLENCY GROUP
Hotels • Resort • Restaurants
... remember with smile.
विवाह एवं अन्य समारोह के लिए,
खुबसूरत और आलीशान होटल।
मधुरम रॉयल-श्रीराम एक्सीलेंसी ग्रुप
55 कमरें
रेस्टॉरेंट
स्विमिंग पूल
वातानुकूलित हॉल
300+ कार की पार्किंग
1000+ लोगों के लिए वातानुकूलित हॉल
55 कमरें
1500+ की क्षमता वाला खुबसूरत गार्डन
स्विमिंग पूल
रेस्टॉरेंट
HOTEL SHRI RAM EXCELLENCY
Hotels • Resort • Restaurants
SHRI RAM EMPIRE
Madhuram Royale
By Shri Ram Excellency Group
आज ही बुक करे +91 9928 371 291
भादू मार्किट के पास, पाल रोड, जोधपुर

### मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण भूमि आवंटन घोटाला मामले में बढ़ी कर्नाटक के मुख्यमंत्री की मुश्किलें

# सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में एफआईआर दर्ज

एजेंसी | बेंगलुरु

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण भूमि आवंटन घोटाला मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने कथित घोटाले को लेकर सिद्धारमैया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

यह कदम विशेष अदालत द्वारा सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच के आदेश दिए जाने के दो दिन बाद उठाया गया है। सिद्धारमैया के खिलाफ आरोप लगाया गया है कि उनकी पत्नी ने मानदंडों का उल्लंघन करते हुए 'मूडा' द्वारा काफी रिहायशी संपत्तियां आवंटित की गईं। इस केस में दर्ज प्राथमिकी में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुख्य आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है।

उनके बाद एफआईआर उनकी पत्नी पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और कथित जमीन मालिक देवराज का नाम भी शामिल है। अब इस मामले को लेकर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा ने इस मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने बचाव करते हुए कहा है कि सिद्धरमैया ने व्यक्तिगत रूप से कोई अपराध किया है तो वह जिम्मेदार हैं, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया।



### भाजपा ने कहा- सीबीआई जांच हो

सिद्धारमैया के खिलाफ हुए इस एक्शन को लेकर कर्नाटक विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने कहा है कि हमने भ्रष्ट कर्नाटक सरकार के कारण, कांग्रेस और सीएम के खिलाफ यह आंदोलन शुरू किया है। सीएम सिद्धारमैया को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। हम कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे। हम सीबीआई जांच चाहते हैं, तभी सच्चाई सामने आएगी।

### भाजपा को मेरा इस्तीफा मांगने का कोई नैतिक अधिकार नहीं: सिद्धारमैया

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि भाजपा ऑपरेशन कमल के जरिए उनकी सुरक्षित सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है, जिसमें उन्हें सफलता नहीं मिली। मैसूर एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि, बीजेपी अब उनसे इस्तीफा मांगकर सुरक्षित सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण मामले का सामना कर रहे सिद्धारमैया ने कहा कि, उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है, इसलिए बीजेपी को उनसे इस्तीफा मांगने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने किया बचाव

इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बातचीत में सिद्धारमैया का बचाव किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कानून अपना काम करेगा, मूडा के लोग जो चाहें वह कार्रवाई कर सकते हैं, यह आवश्यक नहीं है कि सरकार इसका जवाब दे, क्योंकि वह एक स्वायत्त निकाय है, वे कार्रवाई कर सकते हैं। अगर सिद्धरमैया ने व्यक्तिगत रूप से कोई अपराध किया है तो वह जिम्मेदार हैं, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया।

## जरूरी खबर

### भाजपा ने खरगे के खिलाफ दर्ज करवाई शिकायत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा नेता रमेश एनआर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य के खिलाफ कर्नाटक लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई है। रमेश एनआर ने खरगे के परिवार के स्वामित्व वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। आरोपों में धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार, दस्तावेजों की जालसाजी, सरकारी जमीन को अवैध रूप से हासिल करने की साजिश और सरकारी संपत्ति को अवैध रूप से हड़पने में मदद करना शामिल है। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को संदिग्ध परिस्थितियों में पांच एकड़ जमीन आवंटित की गई थी।

### हरियाण: कांग्रेस ने 13 नेताओं को किया निष्कासित

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के कांग्रेस ने 13 नेताओं और कार्यकर्ताओं को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया। पार्टी की ओर से कहा गया कि कुछ नेता पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ सक्रियता दिखा रहे थे, जिससे पार्टी में अनुशासनहीनता बढ़ रही थी। पार्टी ने गुहला के नरेश धांडे, जिंद के प्रदीप गिल, पंडरी के सज्जन सिंह ढुल और सुनीता बटन, निलोखेरी के राजीव ममुराम गोंदार और दयाल सिंह सिरोही, पानीपत ग्रामीण के विजय जैन, उचाना कलां के दिलबाग संदील, दादरी के अजीत फोगाट, भिवानी के अभिजीत सिंह, बवानी खेड़ा (एससी) के सतबीर रात्रा, पृथला के नीतू मान और कलायत के अनिता ढुल्ल बड़सीकरी को निष्कासित कर दिया है।

### हरियाणा: अमित शाह के निशाने पर राहुल और हुड्डा

# अग्निवीर को पक्की पेंशन के साथ सरकारी नौकरी

बेधड़क | रेवाड़ी

हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होना है। राजनीतिक दलों ने हरियाणा में पूरी ताकत झोंक दी है। इसी बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हरियाणा में पार्टी के प्रचार की कमान संभाली। शाह ने रेवाड़ी, अंबाला और कुरूक्षेत्र में एक बाद एक पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में सभाएं की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा शाह के निशाने पर रहे। रेवाड़ी में शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी को झूठ बोलने और अफवाह फैलाने के अलावा कुछ नहीं आता है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस लोगों में झूठ फैला रही है। अमित शाह ने कहा कि हम गुजरात से आते हैं। वहां हरियाणा का बहुत सम्मान है।

सेना में हर 10वां जवान इसी धरती से आता है। लेकिन कांग्रेस ने कभी सेना का सम्मान नहीं किया है। वह अग्निवीर योजना को लेकर झूठ फैला रहे हैं। मैं आपसे वादा करता हूं कि कोई भी अग्निवीर पेंशन वाली नौकरी के बिना नहीं रहेगा। मैं पक्की पेंशन के साथ नौकरी का वादा करके जा रहा हूं।

शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में एक जिले का मुख्यमंत्री आता था तो एक जिले का विकास होता था। भ्रष्टाचार बढ़ता था। दूसरे जिले का आता था दूसरे का काम होता था। गुंडागर्दी बढ़ती थी। भाजपा सरकार आई पूरे हरियाणा की 36 बिरादरी की सरकार आई है। बीजेपी ने पूरे हरियाणा का विकास किया। इससे पहले शाह ने जन आशीर्वाद रैली में अपना संबोधन भारत माता की जय और वंदे मातरम के साथ शुरू किया। अमित शाह ने रेवाड़ी से प्रत्याशी लक्ष्मण यादव, बावल से डॉक्टर कृष्ण कुमार व कोसली से अनिल यादव के लिए वोट की अपील की।

■ योजना को लेकर झूठ फैला रही कांग्रेस

■ बीजेपी ने हरियाणा का किया विकास



### डीलर, दलाल व दामाद की सरकार

शाह ने कहा कि 10 वर्ष हरियाणा में कांग्रेस के नेतृत्व में डीलर, दलाल व दामाद की सरकार चलती थी। युवाओं के नियुक्ति पत्र दलाल व डीलर लेकर आते थे, लेकिन भाजपा सरकार में डाकिया लेकर आता है।

### हुड्डा को दिया चैलेंज

अमित शाह ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चैलेंज किया कि आपके 10 साल व भाजपा के 10 साल में कोई भी फसल एमएसपी पर हमसे अधिक रेट पर नहीं खरीदी। सभी फसलें जो एमएसपी पर खरीद करती है तो वो हरियाणा की भाजपा सरकार है। युवाओं के योग्यता अनुसार भत्ते दिए जा रहे हैं। वह बोले कि कुरुक्षेत्र धर्म की भूमि है। श्री कृष्ण की इसी धरा को वे प्रणाम करते हैं। अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्रियों को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे एक-एक जिलों के विकास तक सिमटे रहे। एक मुख्यमंत्री ने गुंडागर्दी तो दूसरे ने भ्रष्टाचार को बढ़ाया। भाजपा ने हर बिरादरी व वर्ग को आगे बढ़ाने का काम किया है।

### 'राहुल बाबा, आपकी तीन पीढ़ी भी 370 वापस नहीं ला सकती

अंबाला के मुलाना में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव सिर्फ भाजपा की सरकार बनाने का नहीं, बल्कि हरियाणा की गति को चलाए रखने का चुनाव है। कांग्रेस पर हमला करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि हरियाणा में पहले कांग्रेस की सरकार थी। नौकरियां तो उस वक्त भी दी जाती थी। लेकिन आप मुझे बताइए कि खर्ची-पर्ची के बिना नौकरी मिलती थी क्या? भाजपा ने भी नौकरी दी, कई लाख युवाओं को नौकरी मिली। वहीं नेता प्रतिपक्ष पर वार करते हुए शाह ने कहा कि राहुल गांधी कश्मीर जाकर कहते हैं कि हम धारा 370 वापस लाएंगे। राहुल बाबा, आप तो क्या आपकी तीन पीढ़ी भी 370 को वापस नहीं ला सकती। शाह ने राहुल पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह एमएसपी का मतलब भी जानते हैं। शाह ने कहा कि विपक्षी पार्टी को एमएसपी पर झूठ बोलना बंद कर देना चाहिए। बीजेपी सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार के मुकाबले किसानों से ज्यादा कीमत पर फसलें खरीदी हैं।

### हरियाणा में अमित शाह के ऐलान

- **पीएम किसान की राशि:** शाह ने कहा, हरियाणा चुनाव में बीजेपी की सरकार बनती है तो पीएम किसान की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार कर दिया जाएगा।
- **आयुष्मान भारत स्कीम:** इसी तरह आयुष्मान भारत स्कीम को लेकर शाह ने कहा कि बीमा को 5 लाख से बढ़ातर 10 लाख किया जाएगा। बुजुर्गों को तो 5 लाख अतिरिक्त और देंगे।
- **अग्नीवीरों को 5 लाख की सहायता:** शाह ने कुरुक्षेत्र के लाडवा में ऐलान किया कि अग्नीवीरों को सरकार बिना ब्याज पांच लाख रुपए की सहायता देगी। किसी भी संस्थान में पढ़ाई करेंगे तो सरकार वजीफा देगी।

### तुष्टीकरण का लगाया आरोप

शाह ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को राम मंदिर बने वो भी पसंद नहीं है। कांग्रेस ने राम लला को टेंट में रखा था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी विदेश जाकर कह आए कि हम आरक्षण समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर का पूरे जीवन अपमान किया। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद रेवाड़ी में सबसे बड़ी कॉपोरेटिव फैक्टरी लगाई जाएगी। राव तुलाराम से लेकर अब तक जितने भी शहिद हुए हैं, उनके लिए सैन्य संग्राहलय बनाया जाएगा। विश्वकर्मा महाविद्यालय बनाया जाएगा। पहले छह महिने में रेवाड़ी में मेडिकल कॉलेज की शुरूआत होगी।

### राहुल गांधी का प्रधानमंत्री पर हमला

# मोदी के एकाधिकार मॉडल ने छीन लीं युवाओं की नौकरियां

### नेता प्रतिपक्ष बोले- MSME को कर दिया तबाह

बेधड़क | नई दिल्ली

राहुल गांधी ने रोजगार और उद्योग को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी के एकाधिकार मॉडल ने युवाओं की नौकरियां छीन लीं, साथ ही एमएसएमई को तबाह कर दिया। उन्होंने जीएसटी को सरल बनाने और बैंकिंग प्रणाली को छोटे व्यवसायों के लिए खोलने की जरूरत पर जोर दिया।

जम्मू में ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस (एआईपीसी) के कार्यक्रम डोगरी धाम विद आरजी का एक वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के एक युवा स्टार्ट-अप मालिक की आंखों में भारत के उद्यमियों और छोटे व्यवसाय मालिकों के बीच संघर्ष को लेकर निराशा दिखती है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी और नोटबंदी जैसी नीतियों ने छोटे और मध्यम उद्योगों पर हमला किया। इसने भारत को उत्पादक अर्थव्यवस्था से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में बदल दिया। ऐसे में न तो हम चीन के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और न ही सभी भारतीयों की समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत बेहतरी का हकदार है।



### GST को सरल बनाने की आवश्यकता

राहुल गांधी ने कहा कि हमें रोजगार सृजन के लिए जीएसटी को सरल बनाना चाहिए और बैंकिंग प्रणाली को छोटे व्यवसायों के लिए खोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण रोजगार की बिगड़ी संरचना है। रोजगार पर 10 में पांच एकाधिकारों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि बड़े एकाधिकारों ने राजनीतिक व्यवस्था पर नियंत्रण किया हुआ है।

### कौशल, क्षमताओं का एक विशाल समूह

राहुल गांधी ने कहा कि भारत के पास कौशल, क्षमताओं का एक विशाल समूह है। उन्होंने कहा कि कौशलों को वित्त, प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ना और जमीनी स्तर से उद्योगों का निर्माण करके ही आगे बढ़ा जा सकता है। राहुल गांधी ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत प्रस्तावों की रूपरेखा बताई। इसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए पूंजी तक बेहतर पहुंच, निर्यात प्रोत्साहन और व्यवसायों पर कर-संबंधी बोझ को कम करने के उपायों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में 328 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### वक्फ संशोधन बिल पर समिति ने लिए सुझाव

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर सुझाव लेने के लिए संसदीय समिति (जेपीसी) शुक्रवार को गुजरात पहुंची। यहां समिति के सदस्यों ने गुजरात सरकार और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने राज्य सरकार के सुझाव पेश किए। जेपीसी ने बार काउंसिल ऑफ गुजरात, अल्पसंख्यक समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के साथ राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्य इमरान खेड़ावाला के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की।

### महाराष्ट्र में जल्द तारीखों का ऐलान

## आयोग ने चीफ सेक्रेटरी और DGP से मांगा जवाब

**मुंबई।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और डीजीपी से आदेश का पालन न करने पर जवाब मांगा है। मामला विधानसभा चुनाव को देखते हुए अधिकारियों के ट्रांसफर से जुड़ा है।

इलेक्शन कमीशन ने आदेश दिया था कि, राज्य में उन अधिकारियों का ट्रांसफर किया जाए। जो या तो अपने होम टाउन में पोस्टेड हैं या वे अधिकारी जिन्हें एक जगह सर्विस करते हुए तीन साल से ज्यादा हो गया। चुनाव आयोग ने 31 अगस्त तक रिपोर्ट फाइल करने का समय दिया था। Aडीजीपी ने अभी तक अधूरी रिपोर्ट दी है। वहीं चीफ सेक्रेटरी का भी पूरी रिपोर्ट फाइल करना बाकी है। मुंबई में करीब 100 से ज्यादा अधिकारियों को ट्रांसफर नहीं हुआ है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है और उससे पहले चुनाव होने की संभावना है।



### सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने सीएम पद को लेकर दिया बड़ा बयान

# कांग्रेस में हो सकता है दलित समाज का सीएम, हाई कमान करेगा तय

■ 'मैं मरते दम तक कांग्रेस पार्टी में ही रहूंगी'

एजेंसी | नई दिल्ली

हरियाणा चुनाव में कुमारी शैलजा की नाराजगी और बीजेपी में शामिल होने के कयासों के बीच सिरसा की सांसद ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी को आईना दिखाया, साथ ही बदलाव का ये संकेत दे दिया कि चुनाव बाद कांग्रेस में सीएम फेस कौन होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा का सफाया हो चुका है। कांग्रेस बहुमत से सरकार बना रही है।

चुनाव प्रचार से दूरी बनाए रखने और भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं के सवाल पर उन्होंने बीजेपी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा-मेरे खून में कांग्रेस है और मरते दम तक कांग्रेस में ही रहूंगी। बीजेपी अक्सर इस तरह के हथकंडे अपनाती है। लोग भाजपा की कुनीतियों से तंग आ चुके हैं। इस बीच कांग्रेस की सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि कांग्रेस में दलित समाज का सीएम हो सकता है।

दलित समाज की ये मांग भी है। समय के मुताबिक बदलाव भी आता है। राहुल गांधी भी दलित समाज को आगे लाना चाहते हैं। कांग्रेस के सीएम चेहरे का चयन हाई कमान करेगा। दरअसल, हरियाणा में सीट बंटवारे में हुड्डा गुट को तवज्जो ज्यादा देने से कांग्रेस सांसद के नाराज होने की खबरें आई थीं, लेकिन पार्टी हाईकमान के समझाने के बाद कुमारी शैलजा पहली बार असंध में पार्टी की रैली में नजर आईं।



### अग्निवीर योजना पर उठाए सवाल

हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, और कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा इन दिनों किसान, जवान और पहलवान के मुद्दों को लेकर चुनावी चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं। अपने चुनावी प्रचार के दौरान उन्होंने एक बार फिर बीजेपी और अग्निवीर योजना पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "राज्य का माहौल भाजपा के खिलाफ और कांग्रेस के पक्ष में है। राज्य में कांग्रेस सरकार बनेगी। जब केंद्र में हमारी सरकार बनेगी, तो हम अग्निवीर योजना को समाप्त कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के दिन लद गए हैं और हमारा दिन आने वाला है। हम क्षेत्र को फिर से विकास की राह पर ले जाएंगे। आगे बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में बीजेपी की असलियत सामने आ गई है।

### बीजेपी का हो चुका है सफाया

शैलजा ने शुक्रवार को कालांवाली में प्रचार किया। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार शीशपाल केहरवाला के पक्ष में की जनसभा। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीजेपी का सफाया हो चुका है। कांग्रेस बहुमत से सरकार बना रही है। उन्होंने कहा, "मेरे खून में कांग्रेस है, मरते दम तक कांग्रेस में ही रहूंगी। बीजेपी इस तरह के हथकंडे अपनाती है। लोग बीजेपी की कुनीतियों से तंग आ चुके है।"

### 'कांग्रेस ही बीजेपी का विकल्प'

इसके साथ ही शैलजा ने कहा कि, "10 साल हरियाणा प्रदेश में बीजेपी का सुशासन नहीं कुशासन रहा। सरकार के पोर्टल से लोगों को काफ़ी परेशानियां हुई। बीजेपी के डबल इंजन की सरकार केंद्र और प्रदेश में फेल हुई। बीजेपी का विकल्प सिर्फ कांग्रेस ही है। 2019 में बीजेपी को बहुमत नहीं मिला। जेजेपी के 10 विधायकों की बैसाखी की बदौलत ही बीजेपी सरकार में आई। जेजेपी ने बीजेपी के खिलाफ वोट मांगे थे। अब हरियाणा में बीजेपी, जेजेपी के खिलाफ वोट पड़ेंगे।

## जरूरी खबर

### जगन रेड्डी को मंदिर जाने की नहीं दी इजाजत



**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी शनिवार को तिरुपति मंदिर का दौरा करने वाले थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मंदिर यात्रा करने से रोक दिया। उनकी प्रस्तावित यात्रा का टीडीपी, जन सेना पार्टी और भाजपा ने कड़ा विरोध किया था। मंदिर से जुड़े लड्डू विवाद के सामने आने के बाद से ही टीडीपी पूर्व सीएम का विरोध कर रही है। वहीं पुलिस ने प्रदेश के वाईएसआरसीपी नेताओं को नोटिस जारी किया। नोटिस में कहा गया है कि हमें तिरुमाला मंदिर जाने की इजाजत नहीं है। इधर, आंध्र प्रदेश सरकार की बनाई हुई 9 सदस्यों वाली एसआईटी ने तिरुपति के प्रसादम में एनिमल फैट पाए जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आतंकी हमला मामले में ईडी की रेड

**रियासी।** शिव खोरी आतंकी हमले मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को कई ठिकानों पर छापेमारी की। राजौरी और रियासी में सात स्थानों पर तलाशी ली। एनआईए की कई टीमें शिव खोरी आतंकी हमले के मामले में राजौरी और रियासी जिलों में तलाशी के लिए पहुंची। इससे पहले एनआईए ने 30 जून को राजौरी में हाइब्रिड आतंकवादियों और उनके ओवरग्राउंड वर्करों से जुड़े स्थानों पर भी तलाशी ली।

**‘लैंड फॉर जॉब’ घोटाले में ईडी ने पेश की चार्जशीट**

# रेलवे में नौकरियों के बदले लालू ने रिश्वत के तौर पर लीं जमीनें

**बेधड़क** | नई दिल्ली

जमीनों के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में ईडी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इसमें ईडी ने लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर भारतीय रेलवे में नियुक्तियों के बदले में रिश्वत के तौर पर जमीनें लेने का आरोप लगाया है।

मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को भी तलब किया था। जबकि तेज प्रताप को जांच एजेंसी ने आरोपी के रूप में नामित नहीं किया था। कोर्ट ने कहा कि अदालत को प्रथम दृष्टया और सम्मन के चरण में पता लगा है कि तेज प्रताप यादव भी अपराध की आय के अधिग्रहण और छिपाने में शामिल थे। इसलिए वह भी शिकायत पर सम्मन किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं।

## कोर्ट ने राजद सुप्रीमो को परिवार सहित किया तलब






### क्या है नौकरी के बदले जमीन घोटाला

लालू प्रसाद यूपीए की पहली सरकार में रेल मंत्री थी, तब रेलवे के ग्रुप डी में भर्तियां की गईं। आरोप है कि बिना विज्ञापन दिए भर्तियां की गईं। कई लोगों को आवेदन देने के तीन दिन के भीतर ही नौकरी दे दी गई। नौकरियों के बदले अभ्यर्थियों से घूस के रूप में जमीन ली गई। ईडी ने कहा है कि लालू परिवार को 7 जगहों पर जमीनें मिलीं हैं।

### सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश

वहीं ईडी ने चार्जशीट में लालू प्रसाद यादव पर अपराध की आय को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया। ईडी ने आरोप लगाया है कि उन्होंने जमीनें इस तरीके से लीं, जिससे उनकी भागीदारी सामने न आए और परिवार को लाभ हो सके। जब प्रसाद रेल मंत्री थे तब मुख्य रूप से पटना के महुआ बाग में जमीन मालिकों को रेलवे में नौकरियों के वादे के साथ कम कीमत पर अपनी जमीन बेचने के लिए राजी किया गया था। ईडी ने कहा कि इनमें से कई जमीनें पहले से ही यादव परिवार के पास मौजूद जमीनों के पास थीं। सात में से छह जमीन के सौदे राबड़ी देवी से जुड़े थे और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त किए गए थे। ईडी ने आरोप लगाया कि प्रसाद के सहयोगी भोला यादव ने इसमें मुख्य भूमिका निभाई। उसने यादव परिवार की संपत्ति के पास के भूस्वामियों को रेलवे में नौकरी के बदले में अपनी संपत्ति बेचने के लिए राजी करने की बात स्वीकार की है।

**सीडीएस अनिल चौहान बोले**

# भविष्य की जंग के लिए तैयार करना होगा कैडर

**एजेंसी** | नई दिल्ली



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य के रणनीतिक नेताओं को प्रौद्योगिकी-संचालित युद्धक्षेत्र में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है, जहां समयसीमा तेजी से कम होती जा रही है।

अग्रणी त्रि-सेवा भविष्य युद्ध पाठ्यक्रम के समापन पर अपने संबोधन में जनरल अनिल चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, स्टील्थ प्रौद्योगिकी और हाइपरसोनिक्स में प्रगति और रोबोटिक्स भी भविष्य के युद्धों के चरित्र को निर्धारित करेंगे। पाठ्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक युद्धक्षेत्र की जटिलताओं से निपटने में सक्षम तकनीक-सक्षम सैन्य कमांडरों का एक कैडर तैयार करना है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की तरफ से व्यक्तिगत रूप से संचालित होने के अलावा, पाठ्यक्रम रैंक-अज्ञेयवादी था, जिसमें प्रतिभागियों की सेवा 13 से 30 साल तक थी। जनरल अनिल चौहान ने अपने संबोधन में भविष्य के रणनीतिक नेताओं के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित युद्धक्षेत्र में त्वरित निर्णय लेने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जहां समयसीमा तेजी से कम होती जा रही है।

मंत्रालय ने कहा कि प्रमुख परिणामों में एकीकृत परिचालन अवधारणाएं, बढ़ी हुई संयुक्त बल क्षमताएं, भविष्य के युद्धक्षेत्रों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियां और मजबूत त्रि-सेवा सहयोग शामिल हैं।

# गिरिराज सिंह को मिली जान से मारने की धमकी



**पटना।** मोदी सरकार में मंत्री और बिहार के बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह को पाकिस्तान से धमकी मिली है। यह धमकी गिरिराज सिंह के सांसद प्रतिनिधि रहे अमरेंद्र कुमार अमर के मोबाइल पर वॉट्सऐप कॉल करके दी गई है। अमरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें पाकिस्तान से वॉट्सऐप कॉल किया गया था। फोन करने वाले ने गिरिराज सिंह के बारे में अपशब्द कहे। उनके हालिया बयानों को लेकर अंजाम भुगतने की धमकी दी। इस मामले में नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जिस नंबर से वॉट्सऐप कॉल की गई थी।


**रेल मंत्री बोले-पूरे नेटवर्क में नई प्रौद्योगिकी उपकरणों का हो रहा इस्तेमाल**

# ट्रेन सुरक्षा प्रणाली ‘कवच’ पर तेजी से हो रहा काम

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रेल सुरक्षा को लेकर विपक्ष की ओर से उठाई जा रही चिंताओं को दूर करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि, देशभर में स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली ‘कवच’ के इंस्टॉलेशन का काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा पटरियों और सिग्नलों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है।

हाल ही में एक के बाद एक कई रेल दुर्घटनाओं के सामने आने के बाद विपक्ष ने रेल सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की थी। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि, अल्ट्रासाउंड जांच से लेकर कोहरे से सुरक्षा देनें वाले उपकरणों को रेल नेटवर्क पर स्थापित किया जा रहा है। पूरे नेटवर्क में नई प्रौद्योगिकी उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यही नहीं कवच प्रणाली के लिए ड्राइवरों और अन्य कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।



### रेलकर्मियों को दे रहे प्रशिक्षण

रेल मंत्री ने कहा कि, सरकार अगले कुछ सालों में एक लाख किलोमीटर से अधिक के पूरे नेटवर्क पर कवच लगाने और 7,000 से अधिक स्टेशनों को इसके तहत कवर करने का लक्ष्य बना रही है। वैष्णव ने कहा कि 10,000 इंजनों और 9,600 किलोमीटर की ट्रैक लंबाई पर ‘कवच’ फिट करने के लिए निविदाएं पहले ही जारी की जा चुकी हैं। इसके अलावा रेलकर्मियों के प्रशिक्षण के लिए भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग और दूरसंचार संस्थान में पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वैष्णव ने रेलवे द्वारा अपनाए जा रहे विभिन्न सुरक्षा उपायों के बारे में भी विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि, पूरे रेल नेटवर्क पर अल्ट्रासाउंड परीक्षण किए जा रहे हैं। अप्रैल तक 1,86,000 (1.86 लाख) किलोमीटर ट्रैक और 11.66 लाख वेल्ड का अल्ट्रासाउंड मशीनों से परीक्षण किया जा चुका है।





Radisson®

Welcome to Radisson Jodhpur, a pure vegetarian hotel that blends ancient-style architecture with modern amenities for a memorable stay in Sun City. Our upscale property is near destinations like the Clock Tower and Mandore Garden in the city where it's sunny year-round. When you aren't admiring 15th-century artifacts at Mehrangarh Fort, sit amid the greenery on the hotel grounds to admire our building's gold leafing, Haveli-style carvings, and regal red-sandstone façade. Jodhpur Airport (JDH) is less than three kilometers from the hotel, and we offer transfer service.

We serve exclusively vegetarian meals at our two on-site restaurants, two bars, and 24-hour room service. You can connect to free Wi-Fi to find the perfect spot for a family picnic or ask our 24-hour concierge to recommend a destination for you. When the day is done, swim in the outdoor pool or unwind in the on-site R3 Natural Spa.






HOTEL FEATURES & AMENITIES

- 96 Guest rooms and Suites
- Ekatra, multi-cuisine, all day dinning serving breakfast, Lunch and dinner.
- 1459AD, a lobby lounge and bar
- Abhiras, a rooftop indian specialty restaurant.
- 11,402 sq. feet of meeting & event facilities
- Indoor fitness center
- Breakfast options including a 'la carte, breakfast buffet or grab-and-go
- Free Wi-Fi in all guest rooms and social spaces
- Delightful sleep experience with plush bedding and pillows
- Same-day laundry service

AREA ATTRACTIONS

Mehrangarh Fort
Ummaid Bhawan Palace
Jaswant Thada
Mandore Garden
Ansal Plaza
Bishnoi Village Craft
Kokoon Mall
Osian
Old City Market





Radisson Hotel Jodhpur

8 Residency Road, Gaurav Path, Jodhpur, 342001, India
Tel. No. : 0291-7110000 & Sales +91 9521258888
radissonhotels.com/radisson

## राष्ट्रीय महोत्सव में 2500 चिकित्सक कर रहे हैं आयुर्वेद पर चर्चा

# मन की शांति और अच्छी हेल्थ एक साथ पाने की सही दवा है आयुर्वेद

बेधड़क | जयपुर

आयुर्वेद शारीरिक लाभ के साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी अच्छा रखता है। इससे शांति और अच्छी हेल्थ एक साथ पाई जा सकती है। ये दुनिया की सबसे पुरानी पद्दती है। ये चर्चाएं जयपुर में हुईं। मौका था आयुर्वेदम फाउंडेशन की ओर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयुर्वेद महोत्सव की शुरुआत का, जिसमें देश-दुनिया से 2500 से ज्यादा आयुर्वेद विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। शुक्रवार को बीएम बिड़ला ऑडिटोरियम में समारोह राजस्थान आयुर्वेद मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के सहयोग से शुरू हुआ, जिसमें आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाने, चिकित्सा की नई दिशाओं पर चर्चा करने और उद्योग के विशेषज्ञों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने का मंच तैयार किया गया। उद्घाटन जाम नगर युनिवर्सिटी के प्रोफेसर एमडी वैद्य विनिश गुप्ता शामिल हुए तो प्रोफेसर बनवारी लाल गौर, लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, पदमश्री बालेंदू प्रकाश, आचार्य मनीष, प्रोफेसर पीके प्रजापति, प्रोफेसर संजीव शर्मा, डॉ. रामपाल समानी आदि उपस्थित रहे। वहीं, एआईएमआईएल फार्मासुटिकल के एमडी डॉ. संचित शर्मा, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव और वैद्य डॉ. काशीनाथ समगंडी आदि ने सेशन लिए।



### 35 प्रमुख वक्ता ले रहे सत्र

महोत्सव में देश भर से आयुर्वेद चिकित्सकों के साथ 35 प्रमुख वक्ता शामिल हुए हैं। पहले दिन कुछ खास रहे विभिन्न सेशन में आयुर्वेद की बारीकियां बताईं और देश-दुनिया में आयुर्वेद को लेकर हो रहे कामों की जानकारी दी। उन्होंने अपनी ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों से प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

### निशुल्क हेल्थ और रक्तदान शिविर

पहले दिन फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जो अगले दो भी जारी रहेगा। रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें विजिटर्स के साथ अन्य लोग रक्तदान कर रहे हैं। वहीं, विभिन्न काउंटर्स पर जयपुराइट्स और बाहर से आए विजिटर्स ने आयुर्वेद के बारे में जानकारी ली। उनको बताया गया कि कैसे आयुर्वेदिक पद्दति शरीर में काम करती है और उसका प्रभाव कितना गहरा और दूरगामी होता है। इस मौके पर लोगों ने विशेषज्ञों से सवाल भी किए और अपनी जिज्ञासा शांत की। इस पर उनको विभिन्न उदाहरणों के जरिए आयुर्वेद के बारे में बताया गया।







## डॉ. जैन बने राज. चैम्बर के अध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जयपुर की 74वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन राजस्थान चैम्बर के श्रीमोहनलाल सुखाड़िया स्मृति सभागार में किया गया। सभा में राजस्थान चैम्बर की नई कार्यकारिणी के वर्ष 2024-27 के चुनाव हुए। चुनाव अधिकारी अभय कुमार भंडारी, लक्ष्मी लाल जैन व मीनालाल अग्रवाल ने चुनाव परिणामों की घोषणा की, जिसमें डॉ. केएल जैन को अध्यक्ष व जयसिंह पुनः प्रेसीडेंट ऐमेरिटस चुना गया। साथ ही डीएस भंडारी, आर एस जैमिनी, राजीव भंसाली, एस के पोद्दार, राजीव जैन व आत्मराम गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए। कांतिचंद धांधिया कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। रेणु भंडारी, आर पी बटवाड़ा, डॉ. अरुण अग्रवाल, एन के जैन, आनन्द महरवाल व बीबी शर्मा मानद महासचिव चुने गए। 21 उपाध्यक्ष, 13 मानद सचिव, 27 मानद अतिरिक्त सचिव व 19 मानद संयुक्त सचिव भी चुने गए।

## हार्ट हेल्थ पर टॉक शो आज

**बेधड़क. जयपुर।** 'वर्ल्ड हार्ट डे' पर होने जा रहा साइक्लोथॉन हार्ट हेल्थ के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वच्छता के महत्व को उजागर करने का प्रयास करेगा। इसके लिए शनिवार को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक इटरनल हॉस्पिटल में बिब वितरण किया जाएगा। साथ ही, दोपहर 3:30 बजे जयपुर साइकिलिंग अवॉर्ड सेरेमनी और हार्ट हेल्थ के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए डॉ. संजीव शर्मा टॉक शो करेंगे। साइक्लोथॉन में विभिन्न राइड कैटेगरी होंगी, जिनमें 2 किमी की जूनियर राइड, 5 किमी की जॉय, 10 किमी की फन राइड खास होगी।

## दानवीर फिर भी अभिशप्त कर्ण



**बेधड़क. जयपुर।** पौराणिक ग्रंथ महाभारत के वीर योद्धा कर्ण पर आधारित कहानी को जब कलाकारों ने मंच पर उतारा तो हर कोई रोमांचित हो उठा और न्यू जनरेशन प्रफुल्लित दिखाई दी। मौका था जवाहर कला केन्द्र की ओर से पाक्षिक नाट्य योजना में नाटक अभिशप्त के मंचन का, जिसमें वरिष्ठ नाट्य निर्देशक कविराज लईक ने निर्देशन किया। नाटक में कही, अनकही बातों व चरित्रों को अपने मौलिक युग में प्रस्तुत करने की चेष्टा की गई। कर्ण इसका ध्रुव केन्द्र रहा।

# City इवेंट्स

## श्रीमहावीरजी की पदयात्रा रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** भगवान महावीर के संदेश जीओ और जीने दो, अहिंसा सहित जैन धर्म, जैन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से श्रीदिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में जयपुर से श्रीमहावीरजी की 38वीं पद यात्रा रवाना हुई। संघ के प्रचार प्रभारी विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि यात्रा रवानगी से पूर्व संघीजी की नसिया में जिनेन्द्र भगवान के सामूहिक दर्शन, आरती तथा संसार के सभी जीवों की मंगल कामना के लिए सूर्य प्रकाश छाबड़ा के निर्देशन में मंगल प्रार्थना की गई।

## प्लांट्स लवर्स ने सीखा ट्रे गार्डेन बनाना



**बेधड़क. जयपुर।** इंदौर के रणवीर सिंह का एयर प्लांट जयपुराइट्स को भा गया। मौका था किचन गार्डन एसोसिएशन जयपुर की ओर से जवाहर कला केन्द्र में तीन दिवसीय आयोजन का। पहले दिन विभिन्न पौधों की किस्म देखने को मिली। वहीं, प्लांट्स लवर्स के लिए दो कार्यशाला आयोजित हुईं, जिसमें इंदौर के रणवीर सिंह ने प्लांट के बारे में बताया। करीब एक हजार देश-विदेश के सजावटी पौधे, बोनसाई, गुडलक, बीज, बल्ब, जैविक (ऑर्गेनिक) खाद सिरेमिक गमले, खुर्जा की पोट्री व ट्रे, मौसमी फूलों के पौधे, मिनिएचर्स टॉयज क्रॉफ्ट आदि खास रहे। सक्युलेंट ट्रे गार्डेन विषय पर हुई कार्यशाला में गीता आहुवालिया ने ट्रे गार्डेन बनाना सिखाया। कार्यशाला में गायत्री सिंघल ने घर पर खाद बनाने के बारे में बताया। एसोसिएशन अध्यक्ष जया तिवारी ने बेसिक गार्डन के महत्व और इसके फायदे की जानकारी दी। श्यामा वर्मा ने बताया कि शनिवार दोपहर 12 बजे टेरेरियम, बोनसाई, ट्रे गार्डन पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

## एलीट मिस राजस्थान के ऑडिशन कल



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान के ब्यूटी पेजेंट एलीट मिस राजस्थान के आखरी ऑडिशन 29 सितंबर को प्रतिष्ठा बैंक्वेट में होंगे। इससे पूर्व जोधपुर, कोटा, उदयपुर और जयपुर में करीब 2000 लड़कियां ऑडिशन दे चुकीं है। ऑडिशन सुबह 9 बजे से शुरू होंगे। शो के डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि 30 लड़कियां सिलेक्ट होने के बाद 7 दिनों के लिए ग्रूम होने के लिए फाइव स्टार रिसोर्ट अनंता में रहेंगी। देश के जाने माने ग्रूमिंग एक्सपर्ट उनको ग्रूम करेंगे। एलीट मिस राजस्थान का ग्रांड फिनाले 27 अक्टूबर को अलंकारा रिसोर्ट मानसरोवर में होगा।

## 22 नवंबर से शुरू होगी डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग

# 'दबंग' और 'मलंग' बनने के लिए जोर आजमाइश करेंगे डॉक्टर्स



बेधड़क | जयपुर

डॉक्टर्स बैडमिंटन प्रीमियर लीग का छठा सीजन 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक स्पोफिट अकेडमी में खेला जाएगा। डीबीएल संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस दौरान पुरुष, महिला, किड्स वर्ग टीम इवेंट में दबंग और मलंग डबल्स, ट्रायो चैंपियन, बैडमिंटन जोड़ी ऑफ ईयर चुनी जाएंगी। ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि पुरुष वर्ग के कॉर्डिनेटर डॉ. दिलीप गुप्ता और डॉ. मनीष जैन होंगे व महिला वर्ग के कॉर्डिनेटर प्रेम चौधरी, डॉ. रश्मि, डॉ.सतपाल यादव होंगे। बच्चों की प्रतियोगिता के कॉर्डिनेटर डॉ. निधि पूनिया व डॉ. नफीस होंगे। बॉयज कैटेगरी के कॉर्डिनेटर डॉ. गजेंद्र सिंह और डा. भानु होंगे।

आयोजन सचिव डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि इस बार ट्रायो चैंपियनशिप का तृतीय सीजन व डीबीएल कपल ऑफ दि ईयर भी आयोजित की जाएगी मोनिका शर्मा व डॉ. अजित जैन इसके कॉर्डिनेटर होंगे। लीग के जॉइंट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित कर ली गई हैं तथा 13 अक्टूबर से डीबीएल ट्रायल भी शुरू कर दिए जाएंगे। लीग कोर्डिनेटर डॉ. रवींद्र गोठवाल ने बताया कि डीबीएल के छठे सीजन में जयपुर, राजस्थान व देश अन्य भागों के जाने माने हॉस्पिटल और चिकित्सकों की टीम शामिल होंगी।

## राजस्थान मिलेट कॉन्क्लेव में बोले वक्ता

# श्री अन्न से लीजिए अभाव में भी मजबूती से खड़े होने की सीख




बेधड़क | जयपुर

किसान हमारे देश की रीढ़ की हड्डी हैं। अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर से आगे भी मिलेट्स (श्रीअन्न) पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। अभाव से मजबूती मिलती है। यह हमें श्रीअन्न (मिलेट्स) से सीखना चाहिए, जो हर परिस्थिति और अभाव में फलता फूलता है।

यह बात कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री भारत सरकार भागीरथ चौधरी ने कही। वे फिक्की राजस्थान द्वारा आयोजित राजस्थान मिलेट कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण में संबोधित रहे थे। उन्होंने कहा कि मिलेट्स में कई प्रकार के पोषण हैं, इसलिए स्वथ्य रहने के लिए भोजन में इसे शामिल करना चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती को अपनाने पर जोर दिया। फिक्की टास्क फोर्स ऑन मिलेट्स के चेयरमैन और निदेशक सेल्स-फसल संरक्षण दक्षिण एशिया कॉर्टेवा एग्रीसाइंस जितेंद्र जोशी ने कहा कि मिलेट्स न केवल पोषण सुरक्षा प्रदान करता है और किसानों की आय बढ़ाता है, बल्कि संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्स में से छह में योगदान देता है। इससे लोगों को लाभ के साथ-साथ समृद्धि आती है। फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के को-चेयरमैन और अक्षय इंफ्रासिस इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड चेयरमैन प्रबंध निदेशक अक्षय हाड़ा ने कहा कि मिलेट राजस्थान का अभिन्न अंग रहा है, क्योंकि इसे कम निवेश और पानी में आसानी से उग जाता है।

**टैगोर थिएटर योजना** | तीन लघु नाटकों में दर्शाई विभाजन की पीड़ा

# जिसे पाने के हजारों सपने देखे, वह निकली तवायफ

बेधड़क | जयपुर

पेशावर से लाहौर तक जावेद पेशावर से ही ट्रेन के जनाना डिब्बे में खूबसूरत औरत को देखता चला आ रहा था। उसके हुस्न पर फिदा था। रावलपिंडी स्टेशन के बाद उसने जान पहचान बढ़ाई और फिर लाहौर पहुंचने पर सैकड़ों मंसूबे बना डाले। लाहौर पहुंचकर जब उसे मालूम हुआ कि वह एक तवायफ है तो उसका दिल टूट गया और वह उल्टे पांव रावलपिंडी लौट गया। यह देखने को मिला कला व संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में कलंदर समिति की प्रस्तुति में मंचित नाटक मंटो के जहन से में। नाटक की कहानी के लेखक सहादत हसन मंटो हैं, जिसका नाट्य रूपांतरण व निर्देशन जयपुर के युवा रंगकर्मी व निर्देशक कनिष्क शेखर शर्मा किया।



### हर कहानी में दिखा एक अलग दर्द

नाटक में सहादत हसन की अलग-अलग तीन कहानियां पेशावर से लाहौर तक व टोबा टेक सिंह तथा खोल दो का मंचन किया गया। टोबा टेक सिंह 1955 में कहानी प्रकाशित हुई थी। कहानी भारत और पाकिस्तान के विभाजन के समय लाहौर में एक पागलखाने के पागलों पर आधारित रही, जिसमें विभाजन का दर्द देखने को मिला। कथा को पिछले 75 सालों से सरहाते हुए भारत-पाकिस्तान संबंधों पर एक शक्तिशाली तंज बताया गया है। वहीं, खोल दो में विभाजन के दौर की एक ऐसी कहानी दर्शाई गई, जिसे काल्पनिक रूप से मानवीय दुर्गुणों की गहराई के समानांतर बताया गया।

### इन्होंने अभिनय से डाली किरदारों में जान

कलाकारों में राहुल, कपिल, कनिष्क शेखर शर्मा, अयान ने दमदार अभिनय किया। रवींद्र मंच की मैनेजर प्रियंका राठौड़ ने बताया, कि मंचन मिनी थिएटर में किया गया, जिसमें दर्शक, कला प्रेमी, अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 28 सितंबर, 2024



स्वस्थ मन और शरीर का रहस्य यह है कि वर्तमान क्षण में समझदारी से जिया जाए, और अपना समय अतीत पर शोक या भविष्य की चिंता में व्यर्थ न किया जाए!
डॉ. जगदीश चंद्रा, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



# अमेरिका में चक्रवाती तूफान हेलेन का कहर







**12** राज्यों में आधा दर्जन लोगों की मौत
**20** लाख घरों में बिजली ठप

**1000** से ज्यादा फ्लाइट्स को रद्द



एजेंसी | वाशिंगटन

प्रशांत महासागर में उठा चक्रवाती तूफान हेलेन अब खतरनाक रूप ले चुका है। हेलेन चक्रवात से 12 राज्यों में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। अमेरिका के फ्लोरिडा, जॉर्जिया, नॉर्थ कैरोलिना, साउथ कैरोलिना, वर्जीनिया और अलबामा में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। इन राज्यों में 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स को रद्द कर दी गई हैं, वहीं 4 हजार से ज्यादा फ्लाइट्स पर असर पड़ा है।

राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने बताया कि हेलेन ने बीती रात फ्लोरिडा के खाड़ी तट के निकट दस्तक दी। अनुमान है कि यह तूफान अधिकतम 225 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार की हवाओं के साथ तट से टकराया। हेलेन के कारण तेज हवाएं चलने और अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की गई है। तूफान के दस्तक देने से पहले ही तेज हवाओं के कारण लगभग 20 लाख घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डी-सेंटिस ने निचले इलाकों में रहने वालों को पहले ही सुरक्षित जगहों पर चले जाने की सलाह दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, हेलेन के चलते जॉर्जिया की व्हीलर काउंटी में खेत में खड़ा ट्रॉला उड़कर हाईवे पर गिर गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। इसकी चपेट में दो गाड़ियां भी आईं, हालांकि यह पता नहीं चला है कि इसमें कितने लोग घायल हुए हैं।

## जरूरी खबर

उष्णकटिबंधीय तूफान ने बढ़ाई चिंता...



### नए क्रू मिशन का प्रक्षेपण स्थगित

एजेंसी | लॉस एंजिल्स

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा और स्पेसएक्स ने उष्णकटिबंधीय तूफान की चिंता के कारण एक नए क्रू मिशन के प्रक्षेपण को शनिवार बाद तक के लिए स्थगित कर दिया है। नासा ने यह जानकारी दी। प्रक्षेपण की योजना मूल रूप से फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 से गुरुवार के लिए बनाई गई थी। नासा और स्पेसएक्स ने अगले प्रक्षेपण अवसर को इस क्षेत्र में अपेक्षित उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण शनिवार दोपहर 1:17 बजे से पहले समायोजित नहीं किया है। नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री अलेक्सांद्र गोर्बुनोव एजेंसी के स्पेसएक्स क्रू-9 मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए लॉन्च करेंगे। यह उड़ान नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम के तहत स्पेसएक्स के साथ स्टेशन तक नौवां क्रू रोटेशन मिशन है।

## हूतियों ने दागी मिसाइल... इजराइल ने आसमान में ही किया काम तमाम

# हिजबुल्लाह का एक और कमांडर ढेर

एजेंसी | तेल अवीव

इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच लगातार युद्ध जारी है। हर दिन इजराइल हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बम बरसा रहा है। ताजा जानकारी के मुताबिक इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हिजबुल्लाह को बड़ा झटका देते हुए संगठन के एरियल कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर को मार गिराया है।

आईडीएफ ने इस बात की घोषणा भी कर दी है। सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए इजराइली रक्षा बल ने लिखा कि बेरूत में हिजबुल्लाह का हवाई कमान का कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर सटीक हमले में मारा गया। आईडीएफ ने लिखा कि सरूर इजराइली नागरिकों को निशाना बनाकर कई हवाई आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार था। बता दें, मुहम्मद हुसैन सरूर ने इजराइली नागरिकों को लक्ष्य करके अनेक हवाई हमलों को अंजाम दिया। पोस्ट में आगे लिखा गया कि युद्ध के दौरान उसने यूएवी और विस्फोटक उपकरणों का उपयोग करके इजराइली नागरिकों और आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ कई आतंकवादी हमले किए।



### हिजबुल्लाह के चार लड़ाके भी मारे गए

जहां पर मुहम्मद हुसैन सरूर छिपा था वह स्थान लेबनानी आतंकी संगठन का मजबूत गढ़ माना जाता है। बताया जा रहा है कि इस हमले में चार और हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए हैं। साथ ही कई लड़ाकों के जख्मी होने की खबर हैं। सरूर ने इजराइली इलाके में पिछले कुछ वर्षों में कई ड्रोन अटैक करवाए थे। वह ड्रोन प्रोजेक्ट का लीडर था। उसने कई ड्रोन प्रोडक्शन साइट खुलवाई थीं। इन साइट्स को उसने रिहायशी इलाकों के बीच बना रखा था। सरूर ने 1980 में हिजबुल्लाह को ज्वाइन किया था। आतंकी संगठन में कई पदों पर रहने के बाद इसे अजीज यूनिट का कमांडर बनाया गया। साथ ही यह राडवान फोर्स की सरफेस-टू-एयर मिसाइल यूनिट का भी इंचार्ज था। इसके अलावा सरूर को यमन के हूती विद्रोहियों के साथ तालमेल बनाने का काम भी सौंपा गया था।

### मध्य हिस्से में बजे सायरन

इजराइल के एरो एयर डिफेंस सिस्टम ने यमन से रात में दागी गई सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल को रोक दिया। इसके कारण देश के मध्य हिस्से में सायरन बजने लगे। इजराइली सेना ने बताया कि मिसाइल को लंबी दूरी की रक्षा प्रणाली जरिये देश की सीमाओं के बाहर ही मार गिराया गया। इजराइली सेना के कहा कि मिसाइलों के टुकड़ों के गिरने के कारण चेतावनी अलर्ट एक्टिव किए गए थे। आईडीएफ ने हूती हमलों को रोकने के लिए जंग के दौरान कई बार एरो एयर डिफेंस सिस्टम को तैनात किया है।

### हिजबुल्लाह की हालत पूरी तरह से कर दो पस्त

इजराइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हालेवी से कहा है कि हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह की हालत पूरी तरह से पस्त कर दो। इस मौके पर ऑपरेशंस डायरेक्टोरेट मेजर जनरल ओडेड बासक और इंटेलिजेंस प्रमुख मेजर जनरल श्लोमी बिंडर भी मौजूद थे।

## अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की घोषणा

# यूक्रेन को करीब आठ अरब डॉलर की सैन्य सहायता

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के लिए लंबी दूरी के हथियारों और एक अतिरिक्त पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली सहित लगभग आठ अरब डॉलर मूल्य की सैन्य सहायता की घोषणा की। व्हाइट हाउस से जारी बयान में यह जानकारी दी गई।

बाइडेन ने बयान में कहा कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा सहायता में वृद्धि और यूक्रेन को इस युद्ध को जीतने में मदद करने के लिए अतिरिक्त कार्रवाइयों की एक श्रृंखला की घोषणा कर रहा हूं। व्हाइट हाउस ने यह बयान



वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ उनकी बैठक के पहले जारी किया। यूक्रेन के लिए इस सहायता में नए हथियारों की खरीद के लिए 2.4 अरब डॉलर, साथ ही तथाकथित प्रेसिडेंशियल ड्रॉडाउन अथॉरिटी के तहत पेंटागन भंडार से 5.55 अरब डॉलर मूल्य के हथियार शामिल हैं।

बाइडेन ने बयान में कहा कि यूक्रेन की वायु सुरक्षा बढ़ाने की पहल के हिस्से के रूप में सहायता पैकेज रक्षा विभाग को कीव को एक अतिरिक्त नवीनीकृत पैट्रियट वायु रक्षा बैटरी और संबंधित पैट्रियट मिसाइलें प्रदान करने का निर्देश देता है। पैकेज में इसके अतिरिक्त संयुक्त स्टैंड ऑफ हथियार (जेएसओडब्ल्यू) लंबी दूरी की गोला-बारूद, मानव रहित हवाई प्रणाली और हवा से जमीन पर मार करने वाली गोला-बारूद शामिल है। इसका उद्देश्य यूक्रेन के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करना और इसके रखरखाव का समर्थन करना है।

fi
1st इंडिया NEWS

फर्स्ट इंडिया मीडिया समूह द्वारा 'सच बेधड़क' दैनिक हिंदी अख़बार का अधिग्रहण कर लिया गया है अब इसका प्रकाशन फर्स्ट इंडिया मीडिया समूह द्वारा किया जायेगा.

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क
अब फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

आइए प्रमाणित एवं ताजा खबरों की दुनिया में शामिल हो जाएं

Subscribe Now

## जल्द लेंगे PM पद की शपथ

# शिगेरू इशिबा बने जापान के नए प्रधानमंत्री

एजेंसी | टोक्यो

शिगेरू इशिबा को शुक्रवार को हुए उपचुनाव में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही 67 वर्षीय इशिबा देश के अगले प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। वह अगले हफ्ते देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। वे उन नौ उम्मीदवारों में से एक थे और उन्होंने आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को हराया, जो जापान की पहली महिला नेता बनने की होड़ में थीं। इशिबा को कुल 215 वोट मिले, जबकि ताकाइची 194 वोट हासिल कर सकीं, वहीं शिंजिरो कोइजुमी तीसरे नंबर पर रहे।

इशिबा लंबे समय से अपनी ही पार्टी की आलोचना करने और उसके खिलाफ जाने के लिए जाने जाते हैं। इस वजह से वह एलडीपी के दुश्मन बन गए, लेकिन वह पार्टी से जुड़े जमीनी कार्यकर्ताओं और जनता के प्रिय बना गए। मतदान के बाद इशिबा ने कहा कि एलडीपी अब पुनर्जन्म ले सकती है और लोगों का विश्वास हासिल कर सकती है।



### फुमियो किशिदा की जगह लेंगे इशिबा

इशिबा निवर्तमान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा का स्थान लेंगे, जिन्होंने अगस्त में घोषणा की थी कि वह राजनीतिक घोटालों की एक सीरीज के बाद पद छोड़ देंगे। गौरतलब है कि एलडीपी जापान के दशकों के सबसे बड़े राजनीतिक घोटालों में से एक में उलझी हुई है। एलडीपी के दो सबसे प्रभावशाली गुटों पर अपनी आय और व्यय को ठीक से घोषित न करने और कुछ मामलों में कथित तौर पर राजनीतिक धन को रिश्वत के रूप में सांसदों को ट्रांसफर करने का आरोप लगाया गया है।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्रा, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।